“ सुविचार
जिन्दगी में सबसे ज्यादा खुश वही रहता है, जो कम साधनो में भी खुश रहता है ! ”

दैनिक
# बिहार पत्रिका
सच के साथ

पटना से प्रकाशित
अंक: 260
वर्ष : 06
मूल्य : 02
पृष्ठ : 06

मंगलवार, 01 अप्रैल 2025 | दैनिक हिन्दी डिजिटल अखबार | web_dainikbiharpatrika.com


## संक्षिप्त खबर

**उत्तराखंड में स्थानों के नाम परिवर्तन पर विवाद**
उत्तराखंड सरकार ने मियांवाला का नाम बदलकर रामजीवाला और नवाबी रोड को अटल मार्ग कर दिया है, जिससे विभिन्न समुदायों में मिश्रित प्रतिक्रियाएं देखी जा रही हैं।

**दिल्ली के अस्पताल में आग, कोई हताहत नहीं**
पूर्वी दिल्ली के लक्ष्मी नगर स्थित मक्कड़ अस्पताल में आग लगने की घटना हुई। दमकल विभाग की तत्परता से आग पर काबू पाया गया और कोई हताहत नहीं हुआ।

**नेपाल में हिंसक प्रदर्शन, प्रधानमंत्री की आपात बैठक**
नेपाल में जारी हिंसक प्रदर्शनों के बीच प्रधानमंत्री ने गठबंधन की सभी पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ आपात बैठक बुलाई है, ताकि स्थिति को नियंत्रित किया जा सके।

**ईद पर देशभर में कड़ी सुरक्षा के बीच नमाज अदा की गई**
देशभर में ईद-उल-फितर का त्योहार मनाया गया। मस्जिदों में नमाज अदा की गई, जबकि कुछ स्थानों पर वक्फ बिल के विरोध में काली पट्टी बांधकर नमाज पढ़ी गई।

**दिल्ली विधानसभा में 'विकसित भारत युवा संसद' की मेजबानी**
दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने 'विकसित भारत युवा संसद' की मेजबानी की घोषणा की, जिसमें देशभर से चुने गए 30 युवा भाग लेंगे, ताकि उन्हें राजनीति से जोड़ा जा सके।

**बिहार में होमगार्ड भर्ती न होने पर बेरोजगारों का प्रदर्शन**
बिहार के नवगछिया में होमगार्ड भर्ती प्रक्रिया शुरू न होने से नाराज बेरोजगार युवाओं ने प्रदर्शन किया और सरकार से जल्द भर्ती प्रक्रिया शुरू करने की मांग की।

**दिल्ली में ड्रग्स के दो सौदागर गिरफ्तार**
दिल्ली पुलिस ने एक महिला और एक युवक को गिरफ्तार कर उनके पास से डेढ़ करोड़ रुपये की हेरोइन जब्त की है, जो शहर में ड्रग्स की आपूर्ति में संलिप्त थे।

**मध्य प्रदेश में गर्भवती महिला की अस्पताल में लापरवाही से मौत**
रतलाम में एक गर्भवती महिला को दो बार अस्पताल से लौटाया गया, जिसके बाद ठेले पर ले जाते समय बच्चे की मौत हो गई, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं पर सवाल उठ रहे हैं।

**राजस्थान में IIT JEE परीक्षार्थी ने आत्महत्या की**
कोटा में IIT JEE की तैयारी कर रहे एक छात्र ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली, जिससे कोचिंग हब में छात्रों की मानसिक स्वास्थ्य पर चिंता बढ़ गई है।

**पंजाब में पुलिसकर्मी पत्नी की रील बनाने पर निलंबित**
चंडीगढ़ पुलिस में तैनात एक पुलिसकर्मी को उसकी पत्नी द्वारा ट्रैफिक रोककर रील बनाने के कारण निलंबित कर दिया गया है, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था।

**बिहार में मौसम का मिजाज बदला, तापमान में बढ़ोतरी**
मौसम विभाग के अनुसार, बिहार में अगले 2-3 दिनों तक रात के तापमान में हल्की बढ़ोतरी होगी, जिससे ठंड का असर कम होगा। हालांकि, सुबह के समय हल्के या मध्यम स्तर का कोहरा बना रहेगा।

**रक्सौल-हावड़ा एक्सप्रेस में आग से हड़कंप**
झाझा रेलवे स्टेशन पर रक्सौल-हावड़ा एक्सप्रेस में आग लगने से यात्रियों में अफरातफरी मच गई। ट्रेन के अंदर धुआं देख यात्री घबरा गए और प्लेटफॉर्म पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

**नीतीश कुमार ने गांधी मैदान में ईद की नमाज अदा की**
मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना के गांधी मैदान में ईद-उल-फितर की नमाज अदा की और राज्यवासियों के सुख-समृद्धि की दुआ मांगी। उन्होंने समाज में भाईचारे और सौहार्द्र को बढ़ावा देने का संदेश दिया।

**बिहार में बुजुर्ग की बलि देने का सनसनीखेज मामला**
बिहार में 65 वर्षीय बुजुर्ग की बलि देने का मामला सामने आया है, जहां धड़ को होलिका दहन की आग में जलाया गया और सिर को खेत में फेंक दिया गया। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

**पटना में अधिवक्ता की बेटी को बंधक बनाकर चोरी**
पटना के न्यू पुनाइचक स्थित एजी टावर अपार्टमेंट में दिनदहाड़े एक अधिवक्ता की बेटी को बंधक बनाकर चोरी की घटना सामने आई है। चोर सोना, हीरा और चांदी समेत कीमती सामान लेकर फरार हो गए।

## बिहार में उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक का विस्तार: पांच नए आउटलेट से बैंकिंग सेवाएं और करीब

बिहार पत्रिका। पटना




उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने बिहार में अपनी उपस्थिति को और मजबूत करते हुए पांच नए बैंकिंग आउटलेट का शुभारंभ किया है। खड़गपुर (मुंगेर), साहपुर कमाल (बेगूसराय), बौसी (बांका), नौतन (सीवान) और दरहा चौसाझ (मुजफ्फरपुर) में इन नए आउटलेट के साथ अब बिहार में बैंक के कुल 272 और देशभर में 1092 बैंकिंग आउटलेट हो गए हैं।

**कम आय वर्ग तक बैंकिंग सेवाएं पहुंचाने का प्रयास:** बैंक ने संयुक्त देयता समूह (जेएलजी) मॉडल के तहत कम आय वाले व्यक्तियों तक माइक्रो-बैंकिंग ऋण सुविधाओं का विस्तार करने की योजना बनाई है। यह मॉडल उन लोगों के लिए मददगार साबित होगा, जिनकी वित्तीय सेवाओं तक सीमित पहुंच है। जेएलजी मॉडल के माध्यम से बैंक व्यक्तिगत आधार पर बिना संपार्श्विक या सुरक्षा के ऋण लेने में सहूलियत प्रदान करेगा।

**ग्राहकों के लिए व्यापक बैंकिंग सेवाएं:** खड़गपुर, साहपुर कमाल, बौसी, नौतन और दरहा चौसाझ के निवासियों को बचत खाते, चालू खाते, सावधि जमा और आवर्ती जमा जैसी बैंकिंग सेवाओं का लाभ मिलेगा। इसके अलावा, बैंक आवास ऋण, व्यवसाय ऋण, संपत्ति के खिलाफ ऋण, बीमा और निवेश उत्पाद भी प्रदान करेगा। उत्कर्ष बैंक की डिजिटल बैंकिंग क्षमताएं, एटीएम नेटवर्क और 'डिजी ऑन-बोर्डिंग' मॉडल ग्राहकों के लिए सहज और आधुनिक बैंकिंग अनुभव सुनिश्चित करेंगे।

**वित्तीय समावेशन में बैंक की प्रतिबद्धता:** उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के एमडी और सीईओ श्री गोविंद सिंह ने कहा, ₹खड़गपुर, साहपुर कमाल, बौसी, नौतन और दरहा चौसाझ में नई शाखाओं का उद्घाटन बिहार में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के हमारे प्रयास का हिस्सा है। इन क्षेत्रों में अनुकूलित बैंकिंग सेवाएं लाकर हम व्यक्तियों को सशक्त बनाने, स्थानीय उद्यमों का समर्थन करने और क्षेत्र की निरंतर प्रगति में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।' खड़गपुर अपने ऐतिहासिक महत्व और गंगा के समीप स्थित होने के कारण सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है। साहपुर कमाल कृषि और औद्योगिक क्षमताओं के लिए प्रसिद्ध है। बौसी में उद्यमशीलता की भावना और आर्थिक गतिविधियां हावी हैं। नौतन आर्थिक विकास का केंद्र है और दरहा चौसाझ अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिए जाना जाता है। इन सभी स्थानों पर बैंक की उपस्थिति से स्थानीय लोगों को वित्तीय सेवाओं का व्यापक लाभ मिलेगा।

**डिजिटल और आधुनिक बैंकिंग का लाभ:** उत्कर्ष बैंक ग्राहकों को बैंकिंग आउटलेट, माइक्रो एटीएम, इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, यूपीआई और कॉल सेंटर जैसी सुविधाएं प्रदान करेगा। इसके अलावा, ₹डिजी ऑन-बोर्डिंग₹ के जरिए ग्राहक बैंक खाते को डिजिटल माध्यम से खोल सकेंगे, जिससे समय और प्रयास की बचत होगी।
उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक का यह विस्तार न केवल बैंकिंग सेवाओं को सुदूर क्षेत्रों तक पहुंचाएगा बल्कि वित्तीय समावेशन को भी बढ़ावा देगा।

## समस्तीपुर:सिविल सर्जन आवास के पीछे लगी आग

### तीन रिजेक्टेड एंबुलेंस जलकर राख

बिहार पत्रिका । समस्तीपुर



समस्तीपुर में सिविल सर्जन आवास परिसर के पीछे अचानक लगी भीषण आग में तीन रिजेक्टेड एंबुलेंस जलकर राख हो गईं। आग में दो बड़ी और एक छोटी एंबुलेंस पूरी तरह खाक हो गई। घटना की सूचना मिलते ही दो दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और अग्निशमन दल ने करीब 30 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना नगर थाना क्षेत्र के बारह पत्थर चौक के पास स्थित सिविल सर्जन आवास परिसर में हुई। स्थानीय लोगों ने बताया कि वे बारह पत्थर चौक पर चाय पी रहे थे, तभी सिविल सर्जन आवास से अचानक धुआं उठता देखा। कुछ ही पलों में आग की ऊंची-ऊंची लपटें दिखने लगीं। सिविल सर्जन एस. के. चौधरी ने बताया कि घटना के समय वे आवास में ही थे। जैसे ही आग की लपटें देखीं, तुरंत अग्निशमन विभाग को सूचना दी। आग लगने की सूचना पर अग्निशमन विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग को बुझाया गया। जिला सहायक अग्निशमन पदाधिकारी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। सिविल सर्जन आवास के पास ही जिला अतिथि गृह और कर्पूरी सभागार स्थित हैं। इस आगजनी की घटना से आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## खगड़िया में मूर्ख दिवस का अनोखा जश्न, 'राष्ट्रीय मूर्ख पदक' के लिए लगेगा हंसोड़ कलाकारों का जमावड़ा

बिहार पत्रिका। खगड़िया




अरुणोदय सांस्कृतिक मंच के तत्वावधान में आगामी 01 अप्रैल को विश्व मूर्ख दिवस के अवसर पर खगड़िया के रेड क्रॉस सभागार में एक अनोखा और मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में हंसोड़ कलाकारों का जमावड़ा लगेगा, जहां जो सबसे ज़्यादा हंसाएगा, उसे 'राष्ट्रीय मूर्ख पदक' से सम्मानित किया जाएगा। इस आयोजन की रूपरेखा तय करने के लिए एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता फ़रकिया स्टेट महामूर्ख सम्मेलन के संस्थापक और वरिष्ठ पत्रकार अरुण वर्मा ने की। वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार डॉ. अरविन्द वर्मा ने बताया कि अप्रैल फूल्स डे यानी विश्व मूर्ख दिवस को पूरी दुनिया में हंसी-मजाक के दिन के रूप में मनाया जाता है। डॉ. वर्मा ने कहा कि अप्रैल फूल्स डे की शुरुआत 1381 ई. में हुई थी। उस समय राजा रिचार्ड जीती और बोहेमिया की रानी एनी ने अपनी सगाई की तारीख 32 मार्च घोषित कर दी थी। बाद में लोगों को समझ में आया कि 32 मार्च का कोई अस्तित्व ही नहीं है, यानी सबको मूर्ख बना दिया गया था। उन्होंने फ़रकिया वासियों से अपील की कि आगामी 01 अप्रैल को रेड क्रॉस सभागार में आकर 'दुनिया के मूर्खों एक हो' का नारा बुलंद करें और इतिहास में अपना नाम दर्ज कराएं। कार्यक्रम में साहित्यकारों, पत्रकारों, कवियों, अधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों, वकीलों, कवयित्रियों, समाजसेवियों और राजनीतिक दलों के सदस्यों को आमंत्रित किया गया है। इस विशेष आयोजन में जो कलाकार अपनी प्रस्तुति, एक्टिंग और हंसी-मजाक से सबसे ज़्यादा लोगों को हंसाएगा, उसे 'राष्ट्रीय मूर्ख पदक' से नवाजा जाएगा।

## पुलिस ने आरोपी के घर चिपकाया इश्तेहार

बिहार पत्रिका। उमाकांत साह

**बांका।** जिले के आनंदपुर थानाध्यक्ष विपिन कुमार एवं झारखंड पुलिस के नेतृत्व में बिलासी टाउन (देवघर) में निहाल ठाकुर पिता स्वर्गीय कामेश्वर ठाकुर उर्फ गुल्ली ठाकुर और आरोपी महेश चरण पिता स्वर्गीय सरस्वती चरण के घर में इश्तिहार चिपकाया। वह कांड संख्या 13/25 का आरोपी है। मामला दर्ज होने के बाद से ही वह फरार है। पुलिस ने कहा कि न्यायालय से बार-बार नोटिस के बाद भी वह हाजिर नहीं हुआ। बांका न्यायालय के आदेशानुसार इश्तिहार चिपकाया गया है।
कटोरिया के वर्तमान भाजपा विधायक डॉ निक्की हेंब्रम ने निहाल ठाकुर और महेश चरण पर रुपए गबन करने, जमीन पर अवैध कब्जा सहित 8-10 राइफल धारी द्वारा डराने धमकाने का मामला 4 फरवरी को आनंदपुर थाने में दर्ज कराया था। तब से आरोपी फरार चल रहा है।

## बौरना पंचायत में गूंजी ईद की तकबीर , हिन्दू-मुस्लिम एकता का अनोखा नज़ारा



बिहार पत्रिका । खगड़िया

खगड़िया जिले के बौरना पंचायत स्थित ईदगाह मैदान में सोमवार सुबह 8 बजे ईद-उल-फितर की नमाज अदा की गई। नमाज में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और एक साथ मिलकर नमाज अदा की। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। बौरना पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मो. नासीर इकबाल ने सभी को ईद की शुभकामनाएं दीं। बौरना पंचायत को हिन्दू-मुस्लिम एकता का प्रतीक माना जाता है, जहां विभिन्न समुदाय के लोग एक-दूसरे के पर्व मिलजुल कर मनाते हैं। इस मौके पर हिंदू भाइयों ने भी ईद की बधाई देकर साम्प्रदायिक सौहार्द की मिसाल पेश की। बौरना पंचायत की मुखिया यासमीन ने भी पंचायतवासियों समेत जिलेवासियों को ईद की हार्दिक बधाई दी। मौके पर सभी ने मिलकर एकता और भाईचारे का संदेश दिया।

## गोगरी में ईद की नमाज के साथ अमन-चैन की दुआ, काला पट्टी बांधकर वक्फ बिल का विरोध

बिहार पत्रिका। खगड़िया



**गोगरी ।** रविवार की शाम चांद दिखने के बाद सोमवार को गोगरी सहित पूरे प्रखंड में ईद-उल-फितर का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। सुबह होते ही गोगरी प्रखंड की सभी मस्जिदों और ईदगाहों में मुस्लिम समाज के लोगों ने ईद की नमाज अदा की। नमाज के बाद गले मिलकर एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। ईद को लेकर मुस्लिम समुदाय में गजब का उत्साह देखा गया। रविवार की शाम को चांद के दीदार के लिए लोग घरों की छतों और सड़कों पर निगाहें गड़ाए रहे। बादलों के कारण चांद देखने में दिक्कत हुई, लेकिन कुछ जगहों पर दूरबीन का भी सहारा लिया गया। जैसे ही चांद नजर आया, लोगों के चेहरे खुशी से खिल उठे और एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद देने लगे। रिश्तेदारों और दोस्तों को मोबाइल के जरिए बधाई संदेश देने का सिलसिला भी चलता रहा।

**वक्फ बिल के खिलाफ काला पट्टी बांधकर विरोध:** ईद की नमाज के दौरान वक्फ बिल के खिलाफ विरोध भी दर्ज किया गया। रामपुर गोगरी, बौरना, मुश्कीपुर, शेरगढ़, मलिया, राटन, गौरैया बथान, झिकटियां सहित कई ईदगाहों में मुस्लिम समाज के लोगों ने काला पट्टी बांधकर राज्य और केंद्र सरकार के खिलाफ नाराजगी जताई। नौजवानों ने अल सुबह से ही ईदगाह मैदानों और मस्जिदों की सफाई कर तैयारियां पूरी कर ली थीं। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर प्रशासन की ओर से चाक-चौबंद इंतजाम किए गए थे। रामपुर ईदगाह मैदान में भीषण गर्मी को देखते हुए आयोजन समिति द्वारा टेंट की व्यवस्था की गई। नमाज के दौरान लोगों ने खुदा से गुनाहों की माफी, आपसी भाईचारे, अमन-चैन, देश की खुशहाली और जरूरतमंदों की मुराद पूरी करने की दुआ मांगी। मौके पर रामपुर सरपंच नूर आलम, मुखिया कृष्णानंद यादव,पंचायत समिति प्रतिनिधि संतोष प्रिंस, उपमुखिया राजा कुमार शेष, पूर्व समिति उलफत अली और पैक्स अध्यक्ष धर्मवीर कुमार ने भी ईदगाह पहुंचकर लोगों को ईद की बधाई दी।

## त्रिवेणीगंज में ईद की रौनक, नमाज के साथ मांगी अमन-चैन की दुआ

बिहार पत्रिका। त्रिवेणीगंज/सुपौल



मुकद्दस रमजान महीने के समापन के बाद सोमवार को त्रिवेणीगंज प्रखंड मुख्यालय सहित पूरे क्षेत्र में ईद-उल-फितर का पर्व हर्षोल्लास और भाईचारे के साथ मनाया गया। रविवार की शाम चांद नजर आने के बाद से ही ईद की मुबारकबाद देने का सिलसिला शुरू हो गया था। सोमवार की सुबह त्रिवेणीगंज, डफरखा, लक्ष्मीनिया सहित अन्य स्थानों के ईदगाहों में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने निर्धारित समय पर नमाज अदा की और अल्लाह से अमन-चैन की दुआ मांगी। नमाज के बाद सभी ने गले मिलकर एक-दूसरे को ईद की बधाई दी। मौके पर प्रशासनिक सतर्कता भी चरम पर रही। अनुमंडल प्रशासन ने पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए पूरी तैयारी की थी। अनुमंडल प्रशासनिक अधिकारी शंभू नाथ ने दंडाधिकारी की नियुक्ति की, जबकि विधि व्यवस्था को दुरुस्त बनाए रखने के लिए बीडीओ अभिनव कुमार, थाना अध्यक्ष रामसेवक रावत, सीओ प्रियंका सिंह और पुलिस बलों के साथ लगातार क्षेत्र में गश्त करते दिखे। प्रशासन की सख्ती और सजगता के चलते ईद का पर्व शांति और सौहार्द के वातावरण में मनाया गया। लोगों ने मिलजुल कर त्योहार का आनंद लिया और ईदगाहों में खासा उत्साह देखा गया। प्रशासन के प्रयासों से सभी ने सुरक्षित और शांतिपूर्ण माहौल में पर्व का जश्न मनाया।

## सबलपुर को हरा कर बाराहाट टीम बनी विजेता



बिहार पत्रिका। बांका

**पंजवारा /बांका।** चीर नदी के तट पर रणगांव लीला बाबा स्थान मैदान पर सोमवार को युवा क्रिकेट क्लब रणगांव के तत्वावधान में नॉकआउट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला बाराहाट एवं सबलपुर टीम के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बाराहाट की टीम ने निर्धारित 12 ओवरों में 162 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। वहीं जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी सबलपुर की टीम निर्धारित 12 ओवर में 154 रन ही बना पाई एवं बाराहाट की टीम ने इस मुकाबले को 8 रनों से जीत लिया। मैच में अतिथि के रूप में मौजूद जिला परिषद बांका के सामाजिक न्याय समिति के सदस्य पुष्पेंद्र सिंह,रणगांव पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि अजीत सिंह,उप मुखिया प्रतिनिधि देवानंद सिंह ने टूर्नामेंट का आगाज फीता काट कर किया।बाराहाट के मुन्ना खान को उनकी अर्धशतकीय पारी के लिए मैन ऑफ द मैच दिया गया। आयोजन को लेकर सौरभ सिंह, रौमी सिंह,सन्नी सिंह, मोनू सिंह रजनीश सिंह, अनिल सिंह सहित स्थानीय युवा सक्रिय रहे।

## सड़क सुरक्षा हेतु सभी नागरिकों की भूमिका अहम: डॉ. मनोज कुमार गुप्ता

### आपदा में सभी की समग्र भागीदारी ही समाधान: श्री नीरजेश कुमार

बिहार पत्रिका । समस्तीपुर




**समस्तीपुर।** राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के पांचवें दिन सड़क सुरक्षाअभियान एवं आपदा प्रबंधन कार्यक्रम चलाया गया। प्रखंड के स्थानीय जीएमआरडी कॉलेज मोहनपुर में कार्यक्रम का आयोजन मोहनपुर प्रखंड के स्थानीय जीएमआरडी कॉलेज मोहनपुर, समस्तीपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में सात दिवसीय विशेष शिविर कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ लक्ष्मण यादव के नेतृत्व में आयोजन किया गया । शिविर के पांचवें दिन प्रातःवेला में योगाभ्यास स्वयंसेवकों को बबलू कुमार द्वारा कराया गया। इस अवसर पर शिविर स्थल से सड़क सुरक्षा आपदा प्रबंधन से जुड़े जनजागरूकता रैली को डॉ. लक्ष्मण यादव व श्री बबलू कुमार ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली कैंप स्थल बरियारपुर, पोस्ट ऑफिस, पंचायत भवन रोड, बघड़ा बाजार, कंटाहा टोला रसल पुर एवं बांध टोला होते हुए पुनः कैंप स्थल पहुंचा। दूसरे सत्र के संगोष्ठी में सड़क सुरक्षा अभियान विषय पर डॉ मनोज कुमार गुप्ता व डॉ दीपक कुमार ने सड़क सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला, इनके नियमों, प्रतिबंधों का उल्लेख करते हुए स्वयंसेवकों को उन्मुख किए। आपदा प्रबंधन विषय पर जिला परियोजना पदाधिकारी, नमामि गंगे, श्री नीरजेश कुमार ने आपदा के विभिन्न प्रकारों,आयामों, उपादानों व इससे बचने के उपायों को बताए। इस अवसर पर स्वच्छता शपथ व पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित हुआ।
इसके बाद निबंध प्रतियोगिता में राहुल कुमारप्रथम स्थान, पिंकी कुमारी ने दूसरा व राजा कुमार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। क्विज प्रतियोगिता में शिवम, राजनंदिनी व रजनीश अव्वल रही। मौके पर श्री रणवीर राय, मुखिया, राज बघरा, डॉ मुकेश कुमार राम, साजन कुमार सिंह, निरंजन कुमार, राहुल, कृपा, काजल, मुस्कान, पिंटू इत्यादि उपस्थित थे धन्यवाद ज्ञापन डॉ. लक्ष्मण यादव ने किया।

## संक्षिप्त खबर

### बिहार भूमि सर्वेक्षण पोर्टल की समय सीमा बढ़ी

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने भूमि मालिकों के लिए 'बिहार भूमि' पोर्टल की समय सीमा 31 मार्च के बाद भी बढ़ा दी है, जिससे वे अपनी भूमि से संबंधित जानकारी अपडेट कर सकें।

### प्रधानमंत्री मोदी का बिहार दौरा जारी रहेगा

बिहार विधानसभा चुनावों के मद्देनजर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हर महीने बिहार दौरा प्रस्तावित है। लोकसभा चुनावों के बाद यह उनका चौथा दौरा होगा, जिसमें वे मधुबनी का दौरा करेंगे।

### रक्सौल-हावड़ा एक्सप्रेस में आग से हड़कंप

झाझा रेलवे स्टेशन पर रक्सौल-हावड़ा एक्सप्रेस में आग लगने से यात्रियों में अफरातफरी मच गई। ट्रेन के अंदर धुआं देख यात्री घबरा गए और प्लेटफॉर्म पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

### चिराग पासवान की बड़ी मां को घर से निकाला गया

खगड़िया जिले के शहरबन्नी गांव में दिवंगत रामविलास पासवान की पहली पत्नी जकुमारी देवी को उनके घर से बेदखल कर दिया गया है। एलजेपी (आर) ने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है।

### बिहार में मौसम का मिजाज बदला, तापमान में बढ़ोतरी

मौसम विभाग के अनुसार, बिहार में अगले 2-3 दिनों तक रात के तापमान में हल्की बढ़ोतरी होगी, जिससे ठंड का असर कम होगा। हालांकि, सुबह के समय हल्के या मध्यम स्तर का कोहरा बना रहेगा।

### पटना में अधिवक्ता की बेटी को बंधक बनाकर चोरी

पटना के न्यू पुनाइचक स्थित एजी टावर अपार्टमेंट में दिनदहाड़े एक अधिवक्ता की बेटी को बंधक बनाकर चोरी की घटना सामने आई है। चोर सोना, हीरा और चांदी समेत कीमती सामान लेकर फरार हो गए।

### बिहार में AIMPLB ने वक्फ संशोधन बिल पर दी चेतावनी

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के प्रवक्ता कासिम रसूल इलियास ने कहा है कि यदि वक्फ संशोधन बिल पारित हुआ तो वे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को समर्थन नहीं देंगे।

### बिहार में बुजुर्ग की बलि देने का सनसनीखेज मामला

बिहार में 65 वर्षीय बुजुर्ग की बलि देने का मामला सामने आया है, जहां धड़ को होलिका दहन की आग में जलाया गया और सिर को खेत में फेंक दिया गया। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### श्री श्री 108 श्रीमद् भागवत कथा का विधिवत् किया गया शुभारंभ



**बौंसी/बांका।** बौंसी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बागडुम्मा गाँव में श्री श्री 108 श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ सोमवार को सम्मिलित रूप से कथा वाचिका गोस्वामी पितम्बरा जी श्री धाम वृंदावन के द्वारा विधिवत् पूजा अर्चना,दीप प्रज्वलित कर किया गया। आयोजन समिति के द्वारा कथावाचिका एवं पूरी मंडली को अंगवस्त्र, मंदार मोमेंटो एवं फूल माला के साथ सम्मान किया गया। यजमान में रूप नगर अध्यक्ष कोमल भारती एवं आयोजन समिति के अध्यक्ष संतोष कुमार साह ,संजोयक- सियाराम यादव,उपाध्यक्ष- सुबोध यादव ,राजू गुप्ता ,कोषाध्यक्ष-दीपक रजक ,सचिव- अमरेश कुमार यादव,उप सचिव- संदीप कुमार ,कार्यकारणी सदस्य गणेश कुमार,मनोज यादव, रितेश पासवान , सुनील दास, सौदागर यादव,साथ ही कमिटी के अन्य सभी सदस्य एवं सभी श्रद्धालु उपस्थित थे।

### महेशखूंट में हाइवा की टक्कर से युवक की दर्दनाक मौत, चालक फरार

महेशखूंट चौराहे पर सोमवार को हाइवा की जोरदार टक्कर से बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान सहरसा जिले के राजा सोनवर्षा निवासी नारायण केशरी के पुत्र संतोष केशरी (35) के रूप में हुई। घटना के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल खगड़िया भेज दिया और हाइवा को जब्त कर लिया। हालांकि, हादसे के बाद चालक फरार हो गया। मृतक के पिता ने बताया कि संतोष महेशखूंट इंग्लिश टोला में किराए के मकान में परिवार के साथ रहकर आइसक्रीम बेचता था और उसी से अपने चार बच्चों और पत्नी का भरण-पोषण करता था। दुर्घटना के बाद मृतक के परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलते ही जिला परिषद सदस्य चंदन कुमार, समाजसेवी अरुण केशरी, महेशखूंट मुखिया श्वेता कुमारी समेत कई जनप्रतिनिधियों ने मृतक के परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। पुलिस थानाध्यक्ष मिथलेश कुमार ने बताया कि वाहन जब्त कर चालक की पहचान की जा रही है।

# पापहरणी सरोवर में डूबने से हुई 26 वर्षीय विवाहिता की मौत

## गोताखोरों ने निकाले शव

कुमार चंदन। बिहार पत्रिका



**बौंसी।** जिले के बौंसी प्रखंड से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां बौंसी के ऐतिहासिक मंदार पर्वत के तराई में स्थित पापहरनी सरोवर में सोमवार दोपहर स्नान करने गयी 26 वर्षीय विवाहिता की डूबने से मौत हो गयी है। इस मृत विवाहिता की पहचान पंजवारा थाना क्षेत्र के सबलपुर निवासी मकेश्वर यादव की पत्नी की पत्नी पिंकी देवी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार पिंकी देवी सोमवार सुबह घर से स्नान करने के लिए पापहरणी सरोवर पहुंची थी। अन्य लोगों के साथ वह पापहरणी तालाब में नहा रही थीं। स्नान के दौरान गहरे पानी में जाने से डूबने लगी। इसके बाद स्थानीय लोगों ने भरसक बचाने का प्रयास किया। लेकिन विवाहित गहरे पानी में डूब गई और उसकी दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी मिलते ही पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंच कर पापहरणी सरोवर में शव की खोजबीन में जुट गई। गोताखोर की मदद से शव को बाहर निकाला गया। जानकारी मिलते ही परिजन पहुंचे और उनके पति मकेश्वर यादव ने बताया कि विगत 5 वर्षों से पिंकी देवी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं था। डॉक्टर से इलाज चल रहा था। पुलिस परिजनों के बयान पर यूडी केस दर्ज करते हुए शव को पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल बांका भेज दिया है।

# राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष द्वारा अल्पसंख्यक परिवारों को शुभकामनाएं

बिहार पत्रिका। गया



रमजान का पाक महीना इस्लाम धर्म में विशेष महत्व रखता है। यह माह त्याग, संयम, आत्मशुद्धि और इबादत का समय होता है, जिसमें मुस्लिम समाज रोज़ा रखता है और अल्लाह से रहमत की दुआ करता है। इस पवित्र महीने की समाप्ति पर ईद-उल-फितर का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है, जो भाईचारे और प्रेम का प्रतीक है।इसी शुभ अवसर पर राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने अल्पसंख्यक परिवारों को ईद की बधाइयाँ दीं और उनके सुख-समृद्धि की कामना की है। उन्होंने कहा कि ईद का त्योहार आपसी सद्भाव और भाईचारे का संदेश देता है। यह हमें प्रेम, एकता और सौहार्द की भावना को मजबूत करने की प्रेरणा देता है। डॉ. मिश्रा ने विभिन्न समुदायों के लोगों के साथ मिलकर ईद का जश्न मनाया और गले मिलकर एक-दूसरे को शुभकामनाएँ दीं हैं। अपने संदेश में कहा कि भारत विविधताओं का देश है, जहाँ सभी धर्मों के लोग मिलजुल कर रहते हैं। ऐसे त्योहार हमें एक-दूसरे के प्रति प्रेम और सम्मान बढ़ाने का अवसर प्रदान करते हैं।डॉ. मनीष पंकज मिश्रा की इस पहल को अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने सराहा और उनके सामाजिक समर्पण की प्रशंसा की गई है। ईद के इस अवसर पर उन्होंने सभी से एकता, सद्भाव और मानवता की सेवा का संकल्प लेने की अपील की है। बधाई शुभकामनाएं देने वालों में भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता पूर्व मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर चितरंजन प्रसाद वर्मा निरंजन कुमार वर्मा डॉ अभिषेक वर्मा प्रांशु वर्मा दीप रंजन प्रसाद वर्मा महेश यादव कुंदन सिंह सहीत अन्य

# केंद्रीय मंत्री ने अपनी माता की पुण्य स्मृति में महाबोधि मंदिर में की पूजा

## भगवान बुद्ध के अस्थि कलश को लगाया मत्था

बिहार पत्रिका। गया



**बोधगया।** केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री रामदास अठावले ने रविवार को विश्व धरोहर महाबोधि मंदिर में अपने परिवार के सदस्यों के साथ विशेष पूजा की है। तीन दिवसीय दौरे पर बोधगया आए मंत्री के साथ पत्नी सीमा आठवले व 35 सदस्यीय सदस्य भी यहां पहुंचे हैं। उन्होंने अपनी माता हौसाबाई बंडू आठवले की 8वीं पुण्य तिथि पर महाबोधि मंदिर में परिवार के सदस्यों के साथ उनके आत्मा की शांति के लिए विशेष पूजा की गई है। वरीय भिक्षु भदंत हर्षबोधि के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। मंदिर के गर्भगृह में वरीय भिक्षु डॉ मनोज ने उन्हें पूजा कराया है। बीटीएमसी पहुंचने पर सचिव डॉ महाश्वेता महारथी, सदस्य डॉ अरविन्द कुमार सिंह ने उनकी आगवानी की है। महाबोधि मंदिर में पूजा के बाद श्रीलंकाई बौद्ध मठ में जय श्री महाबोधि मंदिर गए वहां भिक्षु ज्ञानानंद ने उनका पूजा कराया है। उनके लिए विशेष रूप से भगवान बुद्ध के अस्थि कलश को निकला गया और उन्होंने मत्था लगाया है। इस पूजा से उन्हें काफी प्रसन्नता हुई। उन्होंने कहा कि बोधगया आने पर हमें एक नई ऊर्जा मिलती है। यह पावन भूमि सभी को करुणा और मैत्री का भाव उत्पन्न करता है। दुःख, कलेश, घृणा के त्याग का मार्ग बताता है। भगवान बुद्ध की कृपा है कि हम नरेंद्र मोदी जी के सरकार में 2014 से केंद्र में मंत्री हैं। बोधगया से मेरा आत्मिक लगाव है। इसलिए हमेशा आने का प्रयास करता हूं। उन्होंने पूजा के बाद एक निजी होटल में विभिन्न बौद्ध मठों के सैकड़ों भिक्षुओं को संघादन कराया और दक्षिणा दी है। संघदान में भिक्षु प्रज्ञादीप महाथेरा, भिक्षु प्रियपाल महाथेरा, भिक्षु आनंद महाथेरा, भिक्षु शासनापाल महाथेरा, भिक्षु ज्ञानवंश थेरा सहित अन्य शामिल थे। इसके उपरांत मंत्री आठवले जेन अमिताभ वेलफेयर सोसायटी पहुंचे। जहां उनका स्वागत छोटी-छोटी बच्चियों ने भारतीय परिधान में पुष्प की वर्षा करते हुए किया है। उन्होंने भगवान बुद्ध के मुर्ति का अनावरण किया है। इस मौके पर आठवले व उनके परिवार को खादा देकर सम्मानित किया गया है। संस्था के बच्चों ने इस मौके पर रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी है। आठवले ने बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना करने के साथ उनके वस्त्र आदि के लिए 10 हजार रुपए सचिव आनंद विक्रम को दिया है। इस मौके पर शिव नारायण मिश्र, मुरारी सिंह चंद्रवंशी अरविंद कुमार सहित अन्य लोगों की मौजूदगी रही है।

# बांका: अम्बेडकर जयंती की तैयारी पर बैठक आयोजित



बिहार पत्रिका। बांका

**चान्दन/बांका।** आगामी 14 अप्रैल को होने वाली अम्बेडकर जयंती के तैयारी को लेकर दलित मुक्ति मिशन के डायरेक्टर महेंद्र कुमार रोशन के अध्यक्षता में सोमवार 31 मार्च को अम्बेडकर युवा मंच सदस्यों के साथ भैरोगंज में एक विशेष बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर सिधुडीह एवं भैरोपुर के इस वर्ष मैट्रिक उतीर्ण छात्र-छात्राओं एवं 12 वीं उतीर्ण लगभग 35 छात्र-छात्राओं ने सक्रिय रूप से शामिल हुए। संस्था प्रमुख महेंद्र कुमार रौशन ने बताया कि डॉक्टर बाबा साहब अम्बेडकर को सेम्बल ऑफ नॉलेज कहा जाता है,उन्होंने न केवल भारतीय संविधान की रचना की, बल्कि समस्त नागरिकों के हित विशेषकर हाशिये के समुदाय के लिये अदुतीय काम किया इसलिए वो हमारे आदर्श हैं। बैठक में निर्णय लिया गया कि अम्बेडकर जयंती के अवसर पर प्रथम एवं दुतीय श्रेणी से उतीर्ण संस्था से जुड़े सभी बच्चों को पुरस्कृत किया जाएगा।साथ ही स्कूल टॉपर मनिष कुमार (459) एवं अभिषेक कुमार (412), राखी कुमारी (392), शंभु कुमार (392) दुलारी कुमारी (376) , चाँदनी कुमारी (सिधूडीह) (348), ममता (332), चाँदनी (332), नेहा (316) , रंगत (303) प्रथम श्रेणी से उतीर्ण सभी बच्चों को संस्था द्वारा छात्रवृत्ति दिया जायेगा। आगे उन्होंने ने बताया कि बच्चों को उच्च शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षा के तैयारी हेतु यहां एक डिजिटल रिशोर्ष सेंटर शुरू करने की योजना पर हमलोग काम कर रहे हैं। इस अवसर पर संस्था से शिक्षक रामु ताती, महिला उत्प्रेरक सुनीता देवी एवं युवा उत्प्रेरक सरोज कुमार ने बच्चों को सुभकामना एवं आशीर्वाद देते हुए बताया कि भैरोगंज में बाबा साहब का जयंती युवाओं के नेतृत्व में मनाया जाय, और उसमें चर्चा अधिक से अधिक उच्च शिक्षा का होगा चूंकि शिक्षा से व्यक्ति, परिवार, समाज, देश और दुनिया में बदलाव सम्भव है।

# बांका में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा ईद-उल-फितर, सजदे में झुके हजारों सिर

बिहार पत्रिका।बांका



जिले के चांदन प्रखंड क्षेत्र के चांदन थाना अंतर्गत मुस्लिम टोला गोड़ा, पहाड़पुर, आनंदपुर थाना क्षेत्र के असोढा पंचायत अंतर्गत जिरोपहरी, सरकंडा, कुरुमटाढ़, कनौदी, सुइया थाना क्षेत्र के सुइया बाजार सहित प्रखंड के विभिन्न पंचायत के मुस्लिम टोला में सोमवार 31 मार्च को सामाजिक सद्भाव और भाईचारा का प्रतीक त्योहार ईद उल फितर हर्षोल्लास के साथ मनाया। सुबह होते ही निर्धारित समय 8:30 बजे मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अपने-अपने ईदगाह में एक साथ मिलकर नमाज अदा कर सलामती के लिए खुदा की इबादत किया। त्योहार को लेकर छोटे-छोटे बच्चों में नए-नए परिधान पहने खास गजब का उत्साह देखा गया, सबों ने एक दूसरे से गले मिलकर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर सुरक्षा की दृष्टिकोण से तैनात थाना के पदाधिकारी ने मुस्लिम समुदाय के लोगों से मिलकर सेल्फी खिंचवाया और अमन चैन की पैगाम दिया. बताया गया कि मुसलमान का सबसे बड़ा और पाक मानने वाला ईद उल फितर का त्योहार समाज को मजबूत सूत्र से जोड़ता है। 29 दिनों तक भूख प्यास का सहनकर एक महीने ईद का द्वितीया चांद दीदार करने तक सिर्फ खुदा की याद करने वाले रोजेदारों के लिए ईद उल फितर अल्लाह का इनाम है। खासकर खाद्य पदार्थ सेवाईयां में लिप्टी मोहब्बत की मिठास इस त्यौहार की खुशी को दर्शाता है। मस्जिद के इमाम ने बताया कि कुरान के अनुसार पैगंबर इस्लाम ने कहा था कि जब अहले इमान रमजान के पवित्र महीने के येहतरामो से फारीक हो जाते हैं,और रोजो नमाज वो उसके तमाम कामों को पूरा कर लेते हैं तो अल्लाह एक दिन अपने इबादत करने वाले बंदो को बख्शीश वो इनाम से नवाजा जाता है, इसलिए इस दिन को ईद कहते हैं ।ईद का त्योहार शांतिपुर माहौल में संपन्न कराने को लेकर चांदन थाना अध्यक्ष विष्णु देव कुमार,आनंदपुर थानाध्यक्ष बिपिन कुमार, सुइया थानाध्यक्ष विशाल कुमार आदि पुलिस दल बल ईदगाहों में मुस्तैदी के साथ नमाज खत्म होने तक डटे रहे, और नमाजियों को मुबारकबाद भी दिए। लगा कि चांदन प्रखंड क्षेत्र में ईद उल फितर के मौके पर गंगा जमुनी तहजीब का नजारा बिखेर रही है. दोनो समुदाय के गणमान्य प्रबुद्ध लोग एक दूसरे को गले मिलकर आपसी भाईचारा का संदेश देते हुए हर्षोल्लास के साथ शांतिपूर्ण ढंग से ईद का त्योहार मनाया। इस दौरान बेलहर विधायक मनोज यादव,पुर्वी कटसकरा पंचायत के पुर्व मुखिया भैरो मरीक आदि अपने दर्जनों समर्थकों के साथ असुढा पंचायत के जीरो पहरी गांव पहुंचकर ईद के मौके पर मुस्लिम समुदाय के लोगों से मिलकर अमन शांति का पैगाम दिया।

## देशी विदेशी शराब के साथ महिला सहित पांच तस्कर गिरफ्तार, दो शराबी भी धराया

**कुमार चंदन,बिहार पत्रिका, बांका।** उत्पाद पुलिस के द्वारा जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में छापेमारी कर देसी विदेशी शराब के साथ पांच शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। वहीं दो शराबी को भी नशे की हालत में पकड़ा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए उत्पाद पुलिस ने बताया कि बौंसी थाना अंतर्गत श्याम बाजार नहर के पास सहायक अवर निरीक्षक सरस्वती कुमारी के नेतृत्व में भागलपुर जिले के हबीबपुर थाना अंतर्गत सालेपुर गांव निवासी रवि कुमार सिंह के पत्नी पूनम उर्फ पिंकी देवी को 9 लीटर अवैध विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। सांझोतरी मोड़ के पास दुमका जिले के हंसडीहा थाना हंसडीहा बाजार निवासी लोकन महतो के पुत्र मंटू कुमार को 6 लीटर विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। कटोरिया थाना अंतर्गत करझौसा चौक के पास संजीव कुमार पासवान के नेतृत्व में बांका थाना क्षेत्र के मेहरपुर गांव निवासी गणेश मंडल के पुत्र सिकंदर मंडल 9 लीटर अवैध चुलाई शराब के साथ गिरफ्तार किया। रजौन थाना अंतर्गत बामदेव गांव के समीप सड़क किनारे सहायक अवर निरीक्षक प्रीति कुमारी के नेतृत्व में अमरपुर थाना क्षेत्र के भलुहार गांव निवासी भिखारी दास के पुत्र संजय कुमार दास को एवं रजौन थाना क्षेत्र के मुरादपुर गांव निवासी सहदेव दास के पुत्र फंटूश दास दोनों को कुल 2 अवैध चुलाई शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

## ईद की नमाज अदा करने उमड़ी भीड़



**बिहार पत्रिका, पंजवारा/ बांका।** ईद के मुबारक मौके पर सोमवार को क्षेत्र के विभिन्न मस्जिदों में ईद की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से अदा की गई। इस मौके पर अकीदतमंदों ने अमन और चैन की दुआएं मांगी। विभिन्न मस्जिदों एवं ईदगाहों में नमाज अदा करने के लिए भारी भीड़ नजर आई। पंजवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत बिहार झारखंड की सीमा पर स्थित जानूकित्ता नगरी ईदगाह में नमाज़ अदा करने के लिए भारी भीड़ नजर आई। सीमावर्ती झारखंड के खटनई,परासी एवं पंजवारा क्षेत्र के गोविंदपुर ,माराटीकर , पंजवारा अल्पसंख्यक टोला सहित अन्य गांवों के ग्रामीण यहां नमाज अदा करने पहुँचे। ईद उल फितर की नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक दूसरे को गले लग कर बधाई दी। बच्चे, बुजुर्ग नौजवान सभी नए कपड़े पहन कर ईदगाह पहुंचे।एवं ईद की खुशियां एक दूसरे से साझा की। क्षेत्र के सबलपुर ,बेगपुर ,माराटीकर सहित अन्य गांवों में भी लोगों ने मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की । मौके पर पंजवारा थानाध्यक्ष मनीष कुमार की अगुवाई में स्थानीय पुलिस दल बल के साथ तैनात रही।

## बदमाशों ने चाकू की नोंक पर ज्वेलरी दुकानदार से डेढ़ लाख का आभूषण छीना



**बिहार पत्रिका, बांका।** जिले में एक ज्वेलरी दुकानदार के साथ चाकूबाजी और लूट की वारदात को बदमाशों ने अंजाम दिया है।जख्मी दुकानदार मुकेश साह का ईलाज बांका सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में किया जा रहा है।पीड़ित स्वर्ण व्यवसाई मुकेश ने बताया कि वह रोज के भांति कटेली मोड स्थित अपने दुकान मुकेश ज्वेलर्स को बंद करके साइकिल से अपने घर डांडा लौट रहा था।तभी रास्ते में रेलवे अंडरपास के समीप बाइक सवार बदमाशों ने उसे ठोकर मारकर गिरा दिया और जबतक वह संभल पाते उतनी देर में दूसरे बदमाश ने उसपर धारदार चाकू से तीन चार बार वार करके जख्मी कर दिया और उसका दूसरा साथी साइकिल में टंगा झोला छीनकर भाग गया।पीड़ित दुकानदार ने बताया कि उसके झोला में कुछ नगदी और ग्राहक का ऑर्डर किया हुआ करीब डेढ़ लाख का बना हुआ अलग अलग गहना आभूषण था।जिसे बदमाशों ने उससे छीनकर फरार हो गए।जख्मी दुकानदार को डायल 112 की पुलिस द्वारा अस्पताल पहुंचाया गया।जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर दिलीप कुमार द्वारा उसका ईलाज किया जा रहा है। वहीं इस संबंध में पूछने पर बांका टाउन थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है,पुलिस घटना के जांच में जुटी हुई है।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाली जीविका दीदी सम्मानित




**बिहार पत्रिका, बाराहाट/बांका।** ज्ञान सरोवर टीएलसी बाराहाट में रविवार को जिला स्तरीय एफडीडीसी कार्यक्रम (पुरस्कार समारोह) आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता डीपीएम ने की। इस मौके पर 18 जीविज़का दीदियों को पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। जिसमें 7 एचएनएस एमआरपी, 3 सीसी, 5 एसी और 3 सीएलएफ शामिल थे। उन्होंने खुद ही इवेंट हॉल को इतना रंगीन सजाया कि यह क्षण गौरवशाली और यादगार बन गया। ऐसा लगता है कि यह उन सभी के लिए एक लंबे समय से प्रतीक्षित क्षण था। जिन्होंने पिछले कुछ महीनों से अपना प्रयास किया था। हालांकि पुरस्कार एक निश्चित संख्या में लोगों को दिए जाते हैं, लेकिन अब तक प्राप्त परिणाम को सभी कर्मचारियों, कैडरों, सीएलएफ दीदी के प्रयास का परिणाम माना जा रहा है। विश्वासपात्र प्रतिभागियों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। सभी ने अपने अनुभव साझा किए - रणनीतियाँ, चुनौतियाँ और उनसे कैसे निपटा गया, सफलता की कहानियाँ। इसके अलावा, डीपीएम बांका, डीपीसीयू के अन्य अधिकारी भी इस कार्यक्रम में मौजूद थे। डीपीएम, बांका ने अपने भाषण में कहा कि एफडीडीसी कार्यक्रम को किसी विशेष समय अवधि तक सीमित नहीं रखा जाना चाहिए और जीविका परिवारों के बीच खाद्य आदतों में एक स्थायी बदलाव लाने के लिए इसे अगले 365 दिनों तक जारी रखने की सलाह दी।

## समारोह पूर्वक सरस्वती शिशु मंदिर फुल्लीडुमर में तीन दिवसीय आचार्य कार्यशाला आयोजित

**बिहार पत्रिका , फुल्लीडुमर/बांका।** सोमवार 31 मार्च 2025 को दिन के 11:30 बजे सरस्वती शिशु मंदिर फुल्लीडुमर में प्राचार्य सुनील कुमार राय के नेतृत्व में एवं विद्यालय के आचार्य धीरेंद्र कुमार झा के संचालन में समारोह पूर्वक तीन दिवसीय आचार्य कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सह सेवा निवृत प्रधानाध्यापक सुधांशु कुमार राय, विद्यालय प्राचार्य सुनील कुमार राय, प्रबंध कार्यकारिणी समिति के उपाध्यक्ष रणजीत कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष जिनेंद्र कुमार दास के द्वारा विधिवत संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ के मौके पर विद्यालय की छात्र-छात्राओं द्वारा गणेश वंदना एवं सरस्वती वंदना के साथ ही कार्यक्रम की शुरुआत की गई। वहीं विद्यालय परिवार की ओर से कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथियों का अंग वस्त्र एवं बुके देकर स्वागत किया गया। आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा विद्यालय के छात्र छात्रों को गुणवत्तापूर्ण बेहतर शिक्षा कैसे प्रदान की जाए इस पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। साथ ही वक्ताओं में भारतीय संस्कृति का अनुपालन करते हुए बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए बेहतर शिक्षा प्रदान करने पर बल दिया गया। जानकारी के अनुसार तीन दिवसीय आचार्य कार्यशाला 2 अप्रैल तक चलेगी। वहीं कार्यक्रम के उद्घाटन के मौके पर मुख्य रूप से विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार, विशिष्ट अतिथि सुधांशु कुमार राय, विद्यालय प्रबंध कार्यकारिणी समिति के उपाध्यक्ष रणजीत कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष जितेंद्र कुमार, विद्यालय के आचार्य धीरेंद्र कुमार झा, सुनील, प्रेमजीत कुमार पासवान, प्रदीप कुमार, पुरुषोत्तम कुमार, आचार्या कल्पना कुमारी, स्वाति कुमारी, अमृता कुमारी, प्रिया कुमारी सहित विद्यालय के कई छात्राएं उपस्थित थे।

## 50 साल की मुस्लिम महिला ने 14वें बच्चे को जन्म दिया

हापुड़ (एजेंसी)। हापुड़ से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक 50 साल की मुस्लिम महिला ने 14वें बच्चे को जन्म दिया है। महिला के सबसे बड़े बेटे की उम्र 22 वर्ष है, जबकि वहीं सबसे छोटे बच्चे की उम्र 3 साल है। 14वें बच्चे के जन्म की पूरे क्षेत्र में खूब चर्चा हो रही है। महिला के परिजनों ने बताया कि जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। बजरंगपुरी के रहने वाले इमामुद्दीन के घर एक बार फिर बच्चे की किलकारी गूंजी है। इमामुद्दीन की पत्नी गुड़िया ने 14वें बच्चे को जन्म दिया है। इमामुद्दीन ने बताया कि उनकी पत्नी को एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया जा रहा था कि तभी अस्पताल के गेट पर ही सरकारी एंबुलेंस में एक लड़की को जन्म दिया है। इसके बाद अस्पताल में मौजूद स्वास्थ्य कर्मचारियों और डॉक्टरों ने गुड़िया को स्ट्रेचर पर लेटाकर एंबुलेंस से उतारकर भर्ती कराया और उसका इलाज किया। इसके अगले दिन जच्चा बच्चा दोनों को डॉक्टरों ने डिस्चार्ज कर दिया। जिला अस्पताल की चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हेमलता ने बताया, गर्भवती महिला को लेबर पेन के साथ एंबुलेंस में लाया गया था. बच्चा आधा बाहर आ चुका था। हम तुरंत अस्पताल में डिलीवरी पूरी की। प्रसूता गुड़िया के 22 साल के सबसे बड़े बेटे ने बताया, अब हम 11 भाई-बहन हैं। तीन बच्चों की पहले मृत्यु हो चुकी है। कुल 14 बच्चे हुए हैं। सबसे छोटे भाई की उम्र 3 साल है। गुड़िया के बच्चों की डिलीवरी में एक साल का अंतर भी नहीं है, जो इस मामले को और भी चर्चा का विषय बनाता है।

## 25 लाख की इनामी नक्सली ढेर

दंतेवाड़ा (एजेंसी)। दंतेवाड़ा और बीजापुर बॉर्डर पर सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 25 लाख की इनामी महिला नक्सली लीडर रेणुका उर्फ बानू को ढेर कर दिया। रेणुका दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी मेंबर थी। शव के साथ एक इंसास राइफल, गोला बारूद बरामद किया गया। सोमवार सुबह नक्सल विरोधी अभियान के तहत सुरक्षाबलों की टीम निकली थी। करीब 9 बजे जवानों का सामना नक्सलियों से हो गया। दोनों ओर से काफी देर तक फायरिंग हुई। इससे पहले 25 मार्च को सुरक्षाबलों ने 25 लाख रुपए के इनामी नक्सली सुधीर उर्फ सुधाकर समेत 3 नक्सलियों को मार गिराया था। बस्तर रेंज में जवानों ने इस साल अब तक मारे गए 119 नक्सलियों के शव बरामद किए हैं।

## बीएसएफ और बीजीबी के जवानों मिलकर मनाई ईद, एक-दूसरे को बांटी मिठाई

नई दिल्ली (एजेंसी)। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) ने उत्तर बंगाल सीमा पर कई सीमावर्ती स्थानों पर मिठाइयों और शुभकामनाओं का आदान-प्रदान करके ईद-उल-फितर मनाया। इस सद्भावनापूर्ण इशारे ने दोनों बलों के बीच सौहार्द की दीर्घकालिक परंपरा को मजबूत किया। दोनों पक्षों के वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मियों ने इस आदान-प्रदान में भाग लिया, जो आपसी सम्मान और मैत्रीपूर्ण संबंधों का प्रतीक है। इस कार्यक्रम में सीमा पर शांति, सद्भाव और सहयोग बनाए रखने के लिए दोनों देशों की प्रतिबद्धता पर जोर दिया गया। इस तरह के समारोह एक वार्षिक परंपरा बन गए हैं, जिससे राजनयिक संबंध और मजबूत हुए हैं तथा दोनों पड़ोसी देशों के बीच शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व को बढ़ावा मिला है। ईद-उल-फ़ितर, जिसे 'उपवास तोड़ने का त्योहार' भी कहा जाता है, इस्लामी कैलेंडर में सबसे महत्वपूर्ण उत्सवों में से एक है। यह रमज़ान के समापन का प्रतीक है, जो दुनिया भर के मुसलमानों द्वारा सूर्योदय से सूर्यास्त तक आध्यात्मिक अनुशासन के रूप में मनाया जाने वाला उपवास का महीना है। यह त्यौहार प्रार्थना, विशेष भोजन, परिवार और दोस्तों के साथ मिलकर और दान-पुण्य के कार्यों के साथ मनाया जाता है, जो उदारता और एकता की भावना को दर्शाता है।

## पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा-लाल और गेरुआ एक हुए

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मालदा में हुई हिंसा को लेकर भाजपा और लेफ्ट पर एक-दूसरे के साथ मिलकर राजनीति करने का आरोप लगाया। ममता ने बिना नाम लिए कहा कि ये दोनों पार्टियां मिलकर दंगे भडकाने की कोशिश कर रही हैं। नवरात्रि चल रही है, मैं इसके लिए भी शुभकामनाएं देती हूं, लेकिन हम चाहते हैं कि कोई भी अशांति न फैलाए। ममता सोमवार को ईद के अवसर पर कोलकाता में ईदगाह पहुंची थीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि टीएमसी सरकार दंगों को रोकने के लिए प्रतिबद्ध है। हम सभी धर्मों के लिए अपने जीवन का बलिदान करने के लिए तैयार हैं। ममता ने कहा कि बहुमत का कर्तव्य अल्पसंख्यक की रक्षा करना है और अल्पसंख्यक का कर्तब्य बहुसंख्यकों के साथ रहना है। हम किसी को दंगा नहीं करने देंगे। हमारी एक ही आवाज है, दंगे रोकना। दरअसल, पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के मोथाबाड़ी में 27 मार्च को दो गुटों के बीच हुई थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक 26 मार्च को मोथाबाड़ी मस्जिद में नमाज हो रही थी। इस दौरान वहां से एक जुलूस गुजर रहा था, तभी कुछ लोगों ने धार्मिक नारे लगाए। 27 मार्च को दूसरे समुदाय ने इसका विरोध किया। इस दौरान भीड़ ने दुकानों, घरों और गाडियों में तोडफ़ोड़ और लूट की।

## हैदराबाद विश्वविद्यालय में बवाल : 53 छात्रों को हिरासत में लिया, बाद में छोड़ा

हैदराबाद(एजेंसी)। हैदराबाद विश्वविद्यालय में तनाव बढ़ता ही जा रही है। जहां परिसर के एक हिस्से को साफ करने आए बुलडोजर के विरोध में विश्वविद्यालय के छात्र प्रदर्शन करने लगे। इसके बाद छात्रों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया, जिसके बाद परिसर में तनाव और ज्यादा बढ़ गया। हालांकि मामले के शांत होते ही छात्रों को रिहा कर दिया गया। बता दें कि मामले में जब रविवार को छात्रों ने साइट पर बुलडोज़र देखा, तो वे वहां पहुंचे और विरोध करने लगे। कुछ छात्र मशीनों पर चढ़ गए, पुलिस के खिलाफ नारे लगाए और मांग की कि वे वापस जाएं। पुलिस ने 53 छात्रों को एहतियातन हिरासत में लिया, लेकिन बाद में सभी को रिहा कर दिया गया।

# दिल्ली की जेलों की हालत बदत्तर, क्षमता से पांच गुना ज्यादा कैदी हैं बंद

### -तिहाड़, मंडोली और रोहिणी जेलों में कैदियों की संख्या चिंताजनक



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली की जेलों में जरुरत से ज्यादा कैदी होने से गंभीर समस्या पैदा हो गई है। वर्तमान में राजधानी की 16 जेलों में 10 हजार कैदियों की क्षमता के मुकाबले करीब 19 हजार कैदी बंद हैं। यह स्थिति तब है जब 2023 में एक हजार से ज्यादा अंडरट्रायल कैदियों को रिहा किया गया था। दिल्ली सरकार ने विधानसभा सत्र के दौरान जेलों की स्थिति पर एक विस्तृत रिपोर्ट पेश की, जिसमें तिहाड़, मंडोली और रोहिणी जेलों में कैदियों की संख्या चिंताजनक रूप से ज्यादा पाई गई।

कुछ जेलों में तो क्षमता से पांच गुना ज्यादा कैदी बंद हैं। तिहाड़ की जेल नंबर 1 की स्थिति सबसे खराब है। इस जेल की क्षमता केवल 565 कैदियों की है, लेकिन मार्च 2025 के आंकड़ों के मुताबिक यहां 2,436 कैदी रखे गए हैं। इसी तरह, तिहाड़ की जेल नंबर 4 में 740 कैदियों की जगह 3,244 कैदी हैं। मंडोली जेल के कुछ परिसरों में कैदियों की संख्या अपेक्षाकृत कम है। जेल नंबर 15, जिसमें सिर्फ उच्च सुरक्षा वाले कैदी रखे जाते हैं जिनकी क्षमता 248 कैदियों की है, लेकिन वहां केवल 108 कैदी हैं।

इसी तरह जेल नंबर 14 और 16 में भी क्षमता से कम कैदी हैं। दिल्ली की जेलों में अंडरट्रायल कैदियों की संख्या सजायाफ्ता कैदियों से करीब आठ गुना ज्यादा है। 2024 के आखिर तक जहां 17,118 अंडरट्रायल कैदी थे, वहीं सिर्फ 2,235 सजायाफ्ता कैदी मौजूद थे। पिछले पांच सालों में यह संख्या बढ़ रही है। कैदियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए जेल प्रशासन ने सुरक्षा के उपाय भी बढ़ा दिए हैं। तिहाड़ में 15 मोबाइल जैमर लगाए गए हैं। दिल्ली की जेलों में कुल 7,549 सीसीटीवी कैमरे लगे हैं, जिससे औसतन हर 5 कैदियों पर 2 कैमरों की निगरानी की जाती है। 15 डीप सर्च मेटल डिटेक्टर, 610 बॉडी-वॉर्न कैमरे और 23 एक्स-रे बैगेज स्कैनर लगाए गए हैं। जेलों में हिंसा रोकने के लिए सीआरपीएफ, आईटीबीपी और तमिलनाडु स्पेशल पुलिस की क्विक रिएक्शन टीमें तैनात की गई हैं। दिल्ली में नरेला और बापरौला में नए जेल परिसरों के निर्माण की योजना बनाई गई है। इस परियोजना के लिए 40 एकड़ जमीन डीडीए ने आवंटित कर दी है। पहले चरण में 256 कैदियों की क्षमता वाली उच्च सुरक्षा जेल बनाई जाएगी। इसका निर्माण अगले 6 महीने में शुरू होगा और 2 साल में पूरा हो जाएगा। बापरौला जेल के लिए भूमि आवंटन अभी डीडीए में लंबित है। कैदियों की संख्या के साथ-साथ जेल प्रशासन पर होने वाला खर्च भी बढ़ रहा है। 2019-20 में जेलों का बजट 490 करोड़ था। साल 2023-24 में यह बढ़कर 595 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है।

## प्रियंका गांधी वाड्रा के काफिले को यूट्यूबर अनीस अब्राहम ने रोका, पुलिस ने गिरफ्तार किया

तिरुवनंतपुरम। केरल पुलिस ने यूट्यूबर अनीस अब्राहम को प्रियंका गांधी वाड्रा के काफिले को रोकने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक यूट्यूबर अब्राहम ने कांग्रेस नेता के पायलट वाहन में बजाए जा रहे हॉर्न से नाराज होकर काफिले के आगे कार खड़ी कर दी थी। पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। हालांकि बाद में अब्राहम को पुलिस स्टेशन से ही जमानत मिल गई। अब पुलिस काफिला रोकने के अन्य कारणों की जांच कर रही है।

सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के काफिले को रोकने की घटना तब हुई जब प्रियंका मलप्पुरम से कोच्चि एयरपोर्ट जा रही थीं। उन्होंने अपने निर्वाचन क्षेत्र और मलप्पुरम जिले में कई कार्यक्रमों में भाग लिया था। जब वे मन्नुथी बायपास जंक्शन पर पहुंची, तभी एक कार सवार ने काफिले के सामने अचानक बीच सड़क पर कार रोक दी। पुलिस के मुताबिक, आरोपी की पहचान यूट्यूबर अनीस अब्राहम के तौर पर हुई। वे एलनाडू के रहने वाले हैं। अनीस सांसद के पायलट वाहन के हॉर्न बजाने से नाराज थे। मन्नुथी सब इंस्पेक्टर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने जब रुकावट को हटाने की कोशिश की, तब अब्राहम ने पुलिसवालों से झगड़ा भी किया। पुलिस अधिकारियों ने पुष्टि की है कि अब्राहम के खिलाफ मामला दर्ज किया है। उन पर काफिले को जानबूझकर रोकने, जीवन को खतरे में डालने और पुलिस के आदेशों की अवहेलना करने का आरोप है। अब्राहम को स्टेशन से जमानत पर रिहा किया गया है, मामले की जांच अभी जारी है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि अब्राहम ने काफिले को क्यों रोका, क्या इसके पीछे कोई और वजह थी? पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है। यूट्यूबर की कार भी जब्त कर ली गई है।

## कुणाल कामरा के समर्थन में उतरे पीके, उनका कोई राजनैतिक मकसद नहीं




**पटना (एजेंसी)।** जन सुराज संस्थापक और पूर्व चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने कॉमेडियन कुणाल कामरा के समर्थन में उतर आए है। कामरा पर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर गद्दार कहने का आरोप है। पीके ने कहा कि कामरा की कोई राजनीतिक महत्वाकांक्षा या गलत इरादे से कही गई बात नहीं हैं। प्रशांत किशोर ने कामरा को अपना दोस्त बताया। उन्होंने उन आरोपों को खारिज किया कि कामरा किसी राजनीतिक एजेंडे के तहत काम कर रहे हैं। पीके के अनुसार, कामरा फिलहाल पुडुचेरी में रहते हैं और जैविक खेती करते हैं। स्टैंड-अप कॉमेडी उनका शौक है। बीते हफ्ते, मुंबई में मौजूद हैबिटेट कॉमेडी क्लब में कामरा ने डिप्टी सीएम शिंदे पर कुछ टिप्पणियां की थीं, जिसके बाद विवाद शुरू हो गया था।

उनके एक पैरोडी गाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था, जिस पर शिवसेना समर्थकों ने कड़ी प्रतिक्रिया दी थी। शिवसेना कार्यकर्ताओं ने कॉमेडी क्लब और होटल में तोड़फोड़ की थी। शिवसेना विधायक मुर्जी पटेल की शिकायत पर कामरा के खिलाफ मानहानि का मामला दर्ज किया गया था। मद्रास हाई कोर्ट ने कामरा को अंतरिम जमानत दे दी है। प्रशांत किशोर ने कहा, कुणाल कामरा मेरे दोस्त हैं। उन्होंने कुछ ऐसी बातें कहीं जिससे विवाद हो गया। लेकिन, मैं जितना उन्हें जानता हूं, उनका कोई छिपा हुआ मकसद नहीं है। उनकी कोई राजनीतिक दुश्मनी नहीं है और वे उन लोगों में से हैं जो वास्तव में अपने देश से प्यार करते हैं। शायद उन्होंने अपने शब्दों का चयन गलत किया। अगर उन्होंने कुछ गलत किया है, तब कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। लेकिन मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि वह देश और उसके संविधान का सम्मान करते हैं।

वहीं 28 मार्च को मद्रास हाई कोर्ट ने कामरा को अंतरिम जमानत दे दी। कोर्ट ने कहा कि कामरा को तमिलनाडु के विल्लुपुरम जिले के वानूर में न्यायिक मजिस्ट्रेट के सामने एक बांड भरना होगा।

# क्या बिहार में लालू का जंगलराज वहां सटीक पैतरा, जिससे एनडीए की जीत होती हैं पक्की

### भाजपा के चाणक्य शाह ने बिहार दौरे में जंगलराज को खूब उछाला




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पटना (ईएमएस)। बिहार की राजनीति में एनडीए ने वर्ष 2005 से 2025 तक सत्ता का सिरे थामा रहा। इस काल में सत्ता के वर्ष की गिनती जरूर बढ़ती रही, मगर चुनावी मुद्दा में कोई बदलाव नहीं दिखाई दिया। एनडीए ने राष्ट्रीय जनता दल के विरुद्ध आवाज उठाई, तब पहला शब्द जंगल राज ही निकला। वर्ष 2005 में भी चुनावी प्रचार में बतौर मुद्दा, सुशासन और विकास का स्थान जंगल राज के बाद आया। आज 20 साल बाद 2025 के दौरान भी चुनावी दंगल में उतरे अमित शाह का मुद्दा जंगल राज ही बनकर उभरा।

बिहार विधान सभा चुनाव की तैयारी के दौरान बिहार आए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह चुनावी जंग में जंगल राज का तड़का लगा गए। अपने भाषण में दो टूक कहा कि 1990 से 2005 तक शासन काल जंगल राज के नाम से जाना जाता था। इस कार्यकाल में अपराध, रेप की घटनाएं काफी होती थी। लालू यादव ने गरीबों के लिए कुछ नहीं किया। यही वजह था कि लालू-राबड़ी की सरकार में बिहार बर्बाद हुआ। लालू से एक प्रश्न पूछता हूं कि आप यूपीए में मंत्री रहे, तब अपने केंद्र सरकार से कितना पैसा लिया? लालू-राबड़ी की सरकार में बिहार बर्बाद हुआ है।

लालू पर हमलावर केंद्रीय गृह मंत्री शाह यही नहीं रुके। अब शाह ने कहा कि एनडीए सरकार में बिहार का विकास हुआ है। बीते 10 वर्ष में पीएम नरेंद्र मोदी ने 60 करोड़ गरीबों के लिए काम किया। मगर, यूपीए सरकार में अहम रोल निभाने वाले लालू यादव ने बिहार के गरीबों के लिए कुछ नहीं किया। पीएम मोदी ने गरीबों की मदद के लिए सहकारिता के क्षेत्र में काफी काम किया। सहकारिता क्षेत्र में हुए काम से सबसे ज्यादा फायदा बिहार को होने वाला है। आप नरेंद्र मोदी पर भरोसा कीजिए और बिहार में एनडीए की सरकार बना दीजिए। हम वादा करते हैं चीनी मिल फिर शुरू होगी। 8000 करोड़ से पुलों का निर्माण हो रहा है। बिहार में मखाना बोर्ड बनाया गया है।

दरअसल, भाजपा के चाणक्य शाह राजद सुप्रीमो लालू पर यूं ही नहीं हमलावर है। इस बार शाह को लालू यादव का वहां स्वरूप याद आ रहा है, जिन्होंने आरक्षण के रथ पर सवार होकर भाजपा को आरक्षण विरोधी करार देकर उनके हाथों से जीत छीन ली थी। 2015 में लालू को एक मुद्दा आरक्षण मिला था। इस बार लालू दो धारी तलवार भांज रहे हैं। लालू वक्फ बोर्ड संशोधन बिल को मुस्लिम विरोधी ठहराने लगे हैं और साथ ही 65 प्रतिशत आरक्षण को 9वीं अनुसूची में नहीं डालने को आरक्षण चोर बताने लगे हैं। आखिर ऐसा क्या है कि चुनावी जंग में राजद के विरुद्ध हो या महागठबंधन के विरुद्ध, एनडीए का पहला तीर जंगल राज के नाम से क्यों छूटता रहा है? दरअसल जंगल राज के नाम पर करीब 30 प्रतिशत जाति वालों की गोलबंदी हो जाती है। इस नाम पर सवर्ण और वैश्य सहित ऐसी कई छोटी-छोटी जातियां जिनका जीवन व्यवसाय से चलता है, वे गोलबंद हो जाती है। तब भाजपा या एनडीए राजद के एमवाई यानी मुस्लिम और यादव के 32 प्रतिशत मत का जवाब बनकर सामने आती है। बाकी सुशासन, विकास और विकास के मुद्दे एनडीए के जीत का मार्ग प्रशस्त करती है। पिछले कुछ चुनाव में राजद के ए टू जूड का कमाल दिखा और सवर्ण मत में सेंधमारी भी राजद ने की। 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के कई सवर्ण नेताओं को हार देखनी पड़ी। इनमें आरा से पूर्व केंद्रीय मंत्री आरके सिंह, औरंगाबाद से पूर्व सांसद सुशील सिंह और बक्सर से मिथिलेश तिवारी को हार का सामना करना पड़ा। ये दीगर कि बेगूसराय से गिरिराज सिंह, मोतिहारी से राधामोहन सिंह, पटना साहिब से रवि शंकर प्रसाद और छपरा से राजीव प्रताप रूडी की जीत हुई थी।

## झारखंड में हाथियों का उत्पात, 4 दिन में 7 लोगों को कुचलकर मार डाला



**रांची(एजेंसी)।** झारखंड में हाथियों का उत्पाद बढ़ रहा है। यहां मात्र 4 दिन में 7 लोगों को हाथी मौत के घाट उतार चुके हैं। गुमला जिले के रायडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत डेरांगडीह अम्बाकोना जंगल में महुआ चुनने गए 45 वर्षीय जेम्स कुजूर को रविवार सुबह हाथी ने कुचल डाला। उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। बाद में पुलिस और वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर उनका क्षत-विक्षत शव बरामद किया। इसी तरह अल्बर्ट एक्का प्रखंड में हाथी ने 73 वर्षीय क्लाइमेंट एक्का को उनके घर के पास ही सूंड में लपेटकर पटक डाला। गंभीर रूप से घायल हालत में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया।

इसके बाद यह हाथी पड़ोस के जर्माना गांव पहुंचा, जहां शौच के लिए खेत की तरफ गए 50 वर्षीय शख्स अरविंद सिंह राजावत को भी पटक कर जख्मी कर दिया। इसके पहले शुक्रवार को गुमला के पालकोट थाना के बरडीह-देवगांव में शौच के लिए खेत की तरफ गए क्रिस्टोफर एक्का को भी हाथी ने कुचलकर मार डाला था। उसी दिन इस हाथी ने तेतरटोली गांव में पौधे से लाह निकाल रही हेमवती देवी को सूंड में लपेटकर पटक दिया, जिससे उनकी भी तत्काल मौत हो गई थी। बीते गुरुवार और शुक्रवार को हाथी ने पड़ोस के सिमडेगा जिले में तीन लोगों को कुचलकर मार डाला था। महाबुआंग थाना क्षेत्र के कुरडेगी डेबोटोली में गुरुवार रात घर के बाहर सोए विकास ओहदार जंगली हाथी के हमले में मारे गए थे। शुक्रवार की सुबह सिमडेगा के बानो थाना क्षेत्र के जमांग गांव में हाथी ने 45 वर्षीय सिबिया लुगुन को कुचलकर मार डाला था। ग्रामीणों के अनुसार, दो से तीन हाथी अपने झुंड से बिछड़ गए हैं और पिछले चार-पांच दिनों से गुमला-सिमडेगा जिले के गांवों में घूम-घूमकर उत्पात मचा रहे हैं। इन हाथियों ने कई घरों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया है। जिस भी इलाके में हाथी पहुंच रहे हैं, वहां अफरा-तफरी मच जा रही है। मशाल जलाकर और ढोल मचाकर हाथियों को भगाने की ग्रामीणों की कोशिश भी नाकाम हुई है।

## राहुल गांधी की दोहरी नागरिकता पर केंद्र से चार हफ्तों में मांगी जानकारी



**लखनऊ (एजेंसी)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की दोहरी नागरिकता के मुद्दे पर जानकारी पेश करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय को चार हफ्ते का समय दिया है। आरोप है कि राहुल गांधी के पास ब्रिटेन की नागरिकता है और यह सवाल कई वर्षों से चर्चा में हैं। इसी मुद्दे पर एक जनहित याचिका दायर की गई है। इस मामले में हाईकोर्ट में अगली सुनवाई 21 अप्रैल को होगी।

न्यायमूर्ति एआर मसूदी और न्यायमूर्ति अजय कुमार श्रीवास्तव-प्रथम की खंडपीठ ने यह आदेश कर्नाटक के सामाजिक कार्यकर्ता एस विगनेश शिशिर की याचिका पर दिया। याची ने राहुल गांधी की कथित ब्रिटिश नागरिकता मामले में सीबीआई जांच की मांग भी की थी। इससे पहले कोर्ट ने केंद्र सरकार को राहुल गांधी की नागरिकता मामले में कार्रवाई का ब्योरा पेश करने के लिए 24 मार्च तक का समय दिया था। पहले, कोर्ट ने केंद्र से पूछा था कि याचिकाकर्ता के प्रत्यावेदन पर क्या कार्रवाई की गई है। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान सैनिकों पर विवादास्पद टिप्पणी करने के मामले में आरोपी कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी की ओर से कोर्ट में उनके वकील ने वकालतनामा लगाया। एमपी- एमएलए कोर्ट के विशेष एसीजेएम आलोक वर्मा ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 29 अप्रैल की तारीख तय की है।

गौरतलब है कि सीमा सड़क संगठन के सेवानिवृत्त निदेशक (भारतीय सेना में कर्नल के पद के समकक्ष) उदय शंकर श्रीवास्तव की ओर से वकील ने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का परिवाद दायर किया था। उन्होंने बताया था कि 16 दिसंबर 2022 को राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान पदयात्रा कर रहे थे। इस दौरान राहुल गांधी ने नौ दिसंबर को अरुणाचल प्रदेश की सीमा पर भारतीय सेना और चीनी सेना के बीच हुई झड़प का जिक्र किया। कहा कि 'लोग भारत जोड़ो यात्रा के बारे में क्या-क्या पूछेंगे, लेकिन चीनी सैनिकों द्वारा हमारे सैनिकों की पिटाई के बारे में एक बार भी सवाल नहीं पूछेंगे'। मामले में सुनवाई के बाद कोर्ट ने राहुल गांधी को बतौर आरोपी तलब किया था।


# भीषण गर्मी के लिए रहें तैयार, अप्रैल-जून में सामान्य से अधिक गर्मी पड़ने की संभावना



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय मौसम विभाग ने सोमवार को चेतावनी दी कि अप्रैल से जून का मौसम सामान्य से अधिक गर्म रहेगा और मध्य और पूर्वी भारत तथा उत्तर-पश्चिमी मैदानी इलाकों सहित कई राज्यों में अधिक लू चलने की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के प्रमुख मृत्युंजय महापात्रा ने एक ऑनलाइन प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि अधिकांश क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान भी सामान्य से अधिक रहेगा। उन्होंने कहा, ÷अप्रैल से जून तक उत्तर और पूर्वी भारत, मध्य भारत और उत्तर-पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से दो से चार दिन अधिक गर्म हवाएं चलने की संभावना है।÷

जानकारी के अनुसार, भारत में अप्रैल से जून तक चार से सात दिन हीटवेव दर्ज किए जाते हैं। आईएमडी के एक अधिकारी ने पहले कहा था कि उत्तर-पश्चिम भारत में गर्मी के दिनों की संख्या दोगुनी हो सकती है, जबकि आमतौर पर गर्मी के दिनों की संख्या पांच से छह होती है। आईएमडी ने भविष्यवाणी की है कि जिन राज्यों में सामान्य से अधिक गर्मी पड़ सकती है उनमें राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, पंजाब, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश तथा कर्नाटक और तमिलनाडु के उत्तरी भाग शामिल हैं।

आईएमडी ने कहा कि भारत के अधिकांश हिस्सों में अप्रैल में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है, लेकिन सुदूर दक्षिणी और उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रों के कुछ इलाकों में सामान्य तापमान रह सकता है। महापात्रा ने कहा कि उत्तर-पश्चिम और उत्तर-पूर्व में कुछ स्थानों को छोड़कर, जहां तापमान सामान्य या सामान्य से थोड़ा कम हो सकता है, पूरे भारत में न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहेगा। अत्यधिक गर्मी के दिनों का हवाला देते हुए विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि भारत को इस गर्मी के मौसम में बिजली की मांग में 9 से 10 प्रतिशत की वृद्धि के लिए



# समर सीजन में आउटफिट के साथ इन पांच एक्सेसरीज को भी रखें अपडेट

मौसम के हिसाब से अपने वार्डरोब को अपडेट करना बहुत ही जरूरी है जिससे आपको कम्फर्ट के साथ स्टाइलिश लुक भी मिले। कई बार ऐसा होता है कि हम आउटफिट पर बहुत ध्यान देते हैं लेकिन मैचिंग एक्सेसरीज को हम इग्नोर कर देते हैं। ऐसे में समर सीजन में आपको कुछ एक्सेसरीज को अपने वार्डरोब का हिस्सा जरूर रखना चाहिए–

### स्कार्फ बनाए आपको परफेक्ट

गर्मियों के दिनों में स्कार्फ धूप से बचाने के साथ स्टाइलिश लुक देने के लिए काफी है। समर सीजन में आउटफिट के साथ मैच होते स्कार्फ को स्टाइल स्टेटमेंट का हिस्सा जरूर बनाएं।

### हैट्स आपको बनाए कूल

गर्मियों के दौरान हैट्स भी आपके लुक को कुल अंदाज देती है। हैट्स आपके लुक को बढ़ाने के साथ ही आपके बालों और चेहरे को भी तेज धूप से बचाती है। खासतौर पर आउटिंग या ट्रिप पर ड्रेस से मैचिंग हैट पहनें जिससे आपको परफेक्ट लुक मिलेगा।

### स्टाइलिश सनग्लासेस

गर्मियों के फैशनबल एक्सेसरीज में चश्मे सबसे पहले आते हैं। यह आपको गर्मियों में नया और ट्रेंडी लुक देते हैं। गर्मियों के दौरान सभी की आंखों पर सनग्लासेस देखे जाते हैं। आपको चेहरे के हिसाब से सनग्लासेस को चुनना चाहिए लेकिन कोशिश करें कि फ्रेम मे मेटल क्लासी वर्क को ही चुनें।

### फुटवेयर भी है स्टाइलिश

फुटवेयर भी आउटफिट के हिसाब से होने चाहिए। साथ ही इस मौसम में पसीना बहुत आता है। खासकर जिन महिलाओं के पैरों में पसीना आता है, उनको ऐसे फुटवियर को चुनना चाहिए, जिसमें पैरों में हवा लगती रहे और पसीना न आने पाए।

### हैंडबैग को न भूलें

इस बार समर में आपको नया ट्रेंडी बैग लेना चाहिए। आपको अगर हैंडबैग की आदत नहीं है, तो कोई स्टाइलिश वन साइड बैग या बैकपैक लेकर आप इसे अपने स्टाइल स्टेटमेंट का हिस्सा बना सकते हैं।





# इन छोटे–छोटे उपायों से मीठी नींद में सोएगा आपका बच्चा

बड़ों की तरह ही बच्चों में सोने की भी अलग–अलग आदतें होती हैं। कई बच्चे थोड़ी–सी भी फिजिकल एक्टिविटी करते ही बार–बार सो जाते हैं, तो कुछ बच्चों को बहुत ही मुश्किल से नींद आती है। बच्चों की हेल्थ के लिए उनकी 10–11 घंटे की नींद बहुत जरूरी है। ऐसे में अगर आपका बच्चा सोता नहीं है, तो आपको उसे सुलाने के लिए कुछ टिप्स अपनाने चाहिए–

### इन बातों का भी रखें ध्यान

- बच्चे को रोज अलग सुलाने की कोशिश करें। अगर आप शुरू से ही ऐसा करेंगी, तो इससे उसमें अलग सोने की आदत पड़ेगी।
- सुलाने से पहले बच्चे की मालिश करना भी काफी फायदेमंद रहता है, इससे उसको अच्छी नींद आएगी।
- सुलाने से पहले बच्चे की सफाई पर भी ध्यान दें। खास कर नाक, कान और मुंह की ठीक से सफाई करके उन्हें सुलाएं।
- बच्चे को सुलाते वक्त कमरे में अंधेरा जरूर कर दें, क्योंकि अंधेरे में नींद से जुड़ा हार्मोन सक्रिय होता है। यही हार्मोन नींद लाने में सहायक होता है।
- कमरे की खिड़की के परदे जरूर फैला दें और संभव हो तो दरवाजे को भी बंद कर दें, ताकि बच्चा बाधारहित अच्छी नींद ले सके।
- धीमा म्यूजिक और वार्म लाइट भी बच्चे को अच्छी नींद देने में मददगार होते हैं। इसकी व्यवस्था आप उसके कमरे में कर सकती हैं।
- जब आपका बच्चा सो रहा हो, तो घर में तेज आवाज वाले उपकरण जैसे मिक्सी, वैक्यूम क्लीनर आदि का इस्तेमाल न करें। इससे बच्चे डर कर जाग जाते हैं।
- आप चाहें तो बच्चे के साथ सो सकती हैं, जब तक कि वह सो नहीं जाता। लेकिन उससे लिपट कर ना सोएं, वरना उसको इसकी आदत हो जाती है और आपके –हटते ही उसकी नींद टूट जाती है। बेहतर यही होगा कि आप अपने बच्चे को इस तरह की आदत ना डालें।
- जब बच्चा हल्की नींद में हो, तभी उसे गोद से या झूले से निकाल कर बिस्तर पर सुला दें।

# माता–पिता की इन पांच आदतों की वजह से बच्चों का कॉन्फिडेंस लेवल होता है डाउन

कहते हैं कि पैरेंटिंग का मतलब सिर्फ बच्चे को जन्म देकर उसे पालना ही नहीं बल्कि पैरेंटिंग से समाज के लिए एक जिम्मेदारी भी जुड़ी हुई है। बच्चों की अच्छी परवरिश अच्छे समाज की नींव भी है। बचपन में आप बच्चों को जो भी सिखाते हैं, वे बातें उनके मन पर छप जाती है। बड़े होने पर उनकी पर्सनैलिटी के लिए बचपन के अनुभव और परवरिश भी जिम्मेदार होती हैं। आपने कुछ लोगों को देखा होगा कि उनमें प्रतिभा होने के बाद भी आत्मविश्वास की कमी होती है। इसके कई कारण हो सकते हैं लेकिन बचपन में कुछ बातें भी इसके लिए जिम्मेदार हैं। ऐसे में हर माता–पिता को कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए–

### बच्चों का मजाक न उड़ाएं

कोई भी बात कितनी बड़ी है या छोटी, यह नजरिए के साथ उम्र पर भी निर्भर करती है। जैसे, आपके लिए बेड से जम्प करके नीचे कूदना, फुटबॉल पर किक करना छोटी बात हो सकती हैं, लेकिन किसी बच्चे के लिए ये बातें बहुत मैटर करती हैं। आपको कभी भी बच्चे की छोटी से छोटी बातों का मजाक नहीं उड़ाना चाहिए।

### बच्चों की तुलना करने से बचें

हर बच्चा प्यारा होता है। सभी की अलग आदतें होती हैं लेकिन बचपन में एक आदत कॉमन होती है, वे है दूसरे बच्चों को अच्छा बताने पर बच्चे इसे मन पर ले लेते हैं। ऐसे में सम्भावना रहती है कि बच्चे दूसरे बच्चों से चिढ़ने लगते हैं या खुद को कमतर समझने लगते हैं इसलिए बच्चों की तुलना करने से बचें।

### हर काम में कमी निकालना

बचपन में किसी भी काम को परफेक्टली करने से ज्यादा जरूरी है, बच्चों का कोई न कोई एक्टिविटी करते रहना। ऐसा करने से बच्चे की एनर्जी सही दिशा में लगती है। जैसे, अगर आपका बच्चा पेंटिंग करता है, तो उसकी पेंटिंग में कमियां निकालने की जगह उसकी अच्छी चीजों की तारीफ करें।

### दूसरों के सामने बच्चों की बुराई

कई माता–पिता दूसरे लोगों या आस–पड़ोस में अपने बच्चों की शिकायतें करते रहते हैं। कई बार माता–पिता मजाक की तरह या सिर्फ गपशप करने के इरादे से भी ऐसा करते हैं लेकिन बच्चे के मन में ये बातें घर कर जाती हैं और उनका आत्मविश्वास डगमगाने लगता है।

### बच्चों को छोटी–छोटी बातों पर पीटना

बचपन में हुई कोई भी गलती इतनी बड़ी नहीं होती, जिसपर बच्चों को पीटकर ही समझाया जाए। बच्चों को हर छोटी बातों पर मारने से वे खुद को सेफ फील नहीं करते। उन्हें हमेशा लगता है कि वे बहुत बुरे हैं और उनके मम्मी–पापा उन्हें बिल्कुल पसंद नहीं करते। साथ ही उनके अंदर असुरक्षा की भावना इतनी बढ़ जाती है कि वे डरने लगते हैं।





# क्रिएटिव तरीकों को अपनाएं और बच्चों के साथ बिताएं क्वालिटी टाइम

**वर्तमान समय में, बच्चों को सबसे ज्यादा जिस चीज की जरूरत होती है वह है माता-पिता का समय। आमतौर पर पैरेंट्स अपने बच्चों को हर सुख-सुविधा देना चाहते हैं और इसलिए वे कड़ी मेहनत करते हैं। लेकिन इस बीच वे यह भूल जाते हैं कि लग्जरी आइटम से भी ज्यादा बच्चे अपने माता-पिता का साथ, उनका प्यार व समय चाहते हैं। इसलिए आप उनके लिए मेहनत करें लेकिन फिर भी उनके साथ क्वालिटी टाइम बिताना ना भूलें। यह कहीं ना कहीं आपके भीतर के तनाव को भी कम करने में मददगार होगा।**

अगर आप भी बच्चों के साथ क्रिएटिव तरीके से एक अच्छा समय बिताना चाहते हैं और आपको समझ नहीं आ रहा है कि वास्तव में क्या किया जाए तो परेशान ना हों। आज इस लेख में हम आपको बच्चों के साथ क्वालिटी टाइम बिताने के कुछ क्रिएटिव आईडियाज के बारे में बता रहे हैं, जो यकीनन आपको भी काफी पसंद आएंगे–

### बनाएं मार्निंग रूटीन

कहते हैं कि दिन की शुरूआत जैसी होती है, पूरा दिन भी वैसा ही गुजरता है। इसलिए अगर संभव हो तो आप बच्चे के साथ एक मार्निंग रूटीन सेट कर सकती हैं। इसमें आप कंबल तय करने से लेकर उनके साथ पार्क में वॉक कर सकते हैं या फिर बच्चों के साथ योगाभ्यास करना भी एक अच्छा आईडिया है। इससे आप ना सिर्फ उनके साथ अच्छा समय बिता पाते हैं, बल्कि इससे उनका शारीरिक व मानसिक विकास होने में भी मदद मिलती है।

### प्लॉन करें गेम्स

सुनने में आपको शायद यह बेहद ही सिंपल नजर आए, लेकिन वास्तव में इस तरीके से आप ना सिर्फ बच्चों के साथ एक फन टाइम बिता सकते हैं, बल्कि इससे आपके लर्निंग स्किल्स और रचनात्मकता को भी बढ़ा सकती हैं। आप उनके साथ कुछ ऐसे गेम्स खेलें, जिसमें उनकी फिजिकल और मेंटल एक्सरसाइज हो।

### बेडटाइम स्टोरीज को ना भूलें

अगर आप पूरा दिन काफी बिजी रहते हैं तो ऐसे में आप रात के समय एक रूटीन बना सकते हैं, जिसमें आप बेडटाइम पर उन्हें कहानी सुनाएं। बेडटाइम आमतौर पर आपके बच्चे की कल्पना को उत्तेजित करने का समय होता हैं। साथ ही साथ कहानियां सुनने से उन्हें नींद भी अच्छी आती है जो उनके शारीरिक और मानसिक विकास के लिए जरूरी है। अगर आपका बच्चा उम्र में थोड़ा बड़ा है तो आप कुछ ऐसा भी कर सकते हैं कि एक दिन कहानी आप सुनाएं और दूसरे दिन उन्हें सुनाने के लिए कहें। बच्चे कहीं पर पढ़ी या सुनी हुई स्टोरीज के साथ–साथ खुद भी एक कहानी बनाकर आपको सुना सकते हैं।

### एक्टिविटीज में आएगा बेहद मजा

बच्चों को हमेशा कुछ ना कुछ नया करना काफी अच्छा लगता है। ऐसे में आप घर में रखी पुरानी चीजों की मदद से उनके साथ कोई एक्टिविटी कर सकती हैं। आप घर के लिए कोई डेकोर आइटम तैयार करें या फिर उन्हें पेंट करने दें। इसी तरह जब आप उनके साथ अलग–अलग एक्टिविटीज करेंगी तो इससे वह खुद भी कई चीजें बनाने के लिए प्रेरित होंगे और उनके दिमाग में कई नए आईडियाज आएंगे।

# कपड़ों की सिलवटें बिना प्रेस किए भी हो सकती हैं दूर

आपका अचानक किसी जरूरी मीटिंग या पार्टी में जाने का प्लान बने और जैसे ही आप वहां पहनने के लिए अलमारी से कपड़े निकालें कि लाइट चली जाए या प्रेस खराब हो जाए, ऐसा अक्सर कई लोगों के साथ हुआ होगा। ऐसी स्थिति में मन में पहला ख्याल यही आता है, काश! कोई ऐसा तरीका होता जिससे बिना प्रेस किए कपड़ों की सिलवटें अपने आप दूर हो जाती। अगर आपने भी कभी ऐसी ही कोई विश की है तो आपकी विश को पूरा करते हुए आपको बताते हैं वो असरदार तरीके, जिनकी मदद से आप कपड़ों की सिलवटों को बिना प्रेस किए भी आसानी से हटा सकते हैं।



### बिना प्रेस कपड़ों से हटाएं सिलवटें

टॉवल– टॉवल की मदद से कपड़ों की सिलवटें दूर कर सकती हैं। इसके लिए सिलवट वाले कपड़े को बिछा दें और फिर गीले टॉवल से कपड़े की सिलवट वाली जगह को दबाएं। ऐसा करने से कपड़े की सिलवटें दूर हो जाएंगी।

भारी सामान –जिस कपड़े पर सिलवट हैं उसे मैट्रेस या किसी भारी सामान के नीचे कुछ घंटों के लिए दबाकर रख दें। इससे आपके कपड़ों की सिलवटें निकल जाएंगी।

**स्प्रे बोतल**–पानी में सिरका मिलाकर उसे एक स्प्रे बोतल में डालकर सिलवट वाली जगह डालें। ऐसे में कपड़े के सूखने के बाद सिलवटें नजर नहीं आएंगी।

**भारी बर्तन** – छोटे भारी बर्तनों की मदद से भी आप अपने कपड़ों की सिलवटों को दूर कर सकते हैं। इसके लिए एक भारी तले के बर्तन को तेज आंच पर गर्म करके प्रेस की तरह कपड़ों की सिलवटों को दूर करें। बर्तन की तली साफ रखें वरना कपड़े दाग लगने से गंदे हो सकते हैं।


**ब्लो ड्रायर**– ब्लो ड्रायर की मदद से भी सिलवटों को दूर किया जा सकता है। कपड़ों की सिलवटें दूर करने के लिए सबसे पहले आपको जिस कपड़े की सिलवट दूर करनी है, उसे बिछा लें और इस पर हल्के हाथ से पानी की कुछ बूंदें डालकर ब्लो ड्रायर की मदद से सिलवटें दूर करें।

**आइस क्यूब**– वॉशिंग मशीन के ड्रायर में 2– 4 आइस क्यूब के साथ अपने सिलवट वाले कपड़े भी डालकर ड्रायर चला दें। इसके बाद कपड़ों को ड्रायर से निकालकर कपड़ों को हल्के से झटक कर टांग दें। आपके कपड़ों की सिलवटें दूर हो जाएंगी।

# आईपीएल में आज होगा लखनऊ सुपरजाइंट्स और पंजाब किंग्स में मुकाबला

**लखनऊ (एजेंसी)।** लखनऊ सुपरजाइंट्स की टीम का मुकाबला मंगलवार को यहां आईपीएल में पंजाब किंग्स से होगा। इस मैच में दोनो ही टीमें जीत के लिए अपना पूरा जोर लगा देंगी। ऋषभ पंत की कप्तानी में सुपरजाइंट्स का लक्ष्य अपने घरेलू मैदान पर जीत हासिल करना रहेगा। सुपरजाइंट्स को अपने पहले मैच में हार मिली थी पर दूसरे मैच में उसने सनराइजर्स हैदाराबाद के खिलाफ जीत दर्ज कर अच्छी वापसी की है। इस मैच में निकोलस पूरन और मिचेल मार्श ने तेजी से अर्धशतक लगाये थे। टीम चाहेगी कि ये दोनो अब पंजाब के खिलाफ भी इसी लय को बनाये रखें। पूरन अभी तक सबसे ज्यादा छक्के और स्ट्राइक रेट के साथ रन बना रहे है। वहीं मार्श ने लगातर दो बार पचास से अधिक रन बनाये हैं। टीम की सफलता के बाद भी कप्तान ऋषभ के रन नहीं बनाने से टीम की चिन्ताएं बढ़ी हैं। वह शुरुआती दो मैच में शून्य और 15 रन की बना पाये हैं। अब उनका लक्ष्य इस मैच में बड़ा स्कोर बनाकर अपने आलोचकों को जवाब देना रहेगा। वहीं इस मैच में दो सबसे महंगे कप्तानों ऋषभ और श्रेयस अय्यर की भिड़ंत को लेकर प्रशंसकों में जबरदस्त उत्साहत रहेगा।

श्रेयस अय्यर इस बार पंजाब की कप्तानी कर रहे हैं। उन्होंने पिछले आईपीएल में केकेआर टीम को खिताब जिताया था। इस बार आईपीएल की शुरुआत से ही श्रेयस ने अच्छा प्रदर्शन कर जमकर रन बनाये हैं। अय्यर ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ 42 गेंद पर नाबाद 97 रन बनाकर मैच विजेता पारी खेली थी। अय्यर अब इसी लय को जारी रखना चाहेंगे। उनके अलावा टीम की ओर से शशांक सिंह और प्रियांश आर्य ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। जिससे पंजाब के हौंसले बुलंद रहेंगे। पंजाब के पास तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और इंपेक्ट प्लेयर के रूप में उतरे मध्यम गति के गेंदबाज विजयकुमार वैशाख जैसे खिलाड़ी हैं। सुपरजायंट्स के लिए इस मामले में काफी परेशानी है क्योंकि उसके प्रमुख तेज गेंदबाज चोटिल होकर बाहर हैं हालांकि शार्दुल ठाकुर के आने से टीम को राहत मिली है। शार्दुल



ने पिछले मैच में शानदार गेंदबाजी कर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

इकाना स्टेडियम की पिच गेंदबाजों, विशेषकर स्पिनरों और धीमी गति के गेंदबाजों के अनुकूल है और दोनों टीम के स्पिनर मैच के परिणामों में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं। रवि बिश्नोई हालांकि लय में नहीं आये हैं ऐसे में टीम बाएं हाथ के स्पिनर शाहबाज अहमद को उतार सकती है। वहीं पंजाब के स्पिन आक्रमण की जिम्मेदारी स्पिनर युजवेंद्र चहल के पास रहेगी। इसके अलावा ग्लेन मैक्सवेल का विकल्प भी उसके पास है। कुल मिलाकर देखा जाये तो ये मुकाबला रोमांचक होना तय है।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**पंजाब किंग्स:** श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रियांश आर्य, प्रभसिमरन सिंह, अजमतुल्लाह उमरजई, मार्को यानसेन, ग्लेन मैक्सवेल, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, अर्शदीप सिंह, युजवेंद्र चहल, विजयकुमार वैशाख, सूर्यांश शेडगे

**लखनऊ सुपरजाइंट्स:** ऋषभ पंत (कप्तान), डेविड मिलर, एडेन मारक्रम, निकोलस पूरन, मिचेल मार्श, अब्दुल समद, शाहबाज अहमद, आयुष बडोनी, आवेश खान, , प्रिंस यादव, शारदुल ठाकुर और रवि बिश्नोई।

# नोवाक जोकोविच 100वें एटीपी खिताब से चूके, मेनसिक ने जीता खिताब



**मैड्रिड (एजेंसी)।** चेक गणराज्य के 19 वर्षीय टेनिस खिलाड़ी जैकब मेनसिक ने सोमवार को शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए सर्बिया दिग्गज नोवाक जोकोविच को हराकर मियामी ओपन का खिताब अपने नाम कर लिया हैं। मेनसिक इस जीत के साथ ही एटीपी खिताब जीतने वाले नौवें सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं।

आज यहां खेले गये वर्षा बाधित मुकाबले में चेक गणराज्य के मेनसिक ने जोकोविच को अपने करियर का 100वां एटीपी खिताब जीतने से रोक दिया। चेक खिलाड़ी ने छह बार के चैंपियन जोकोविच को 7-6(4), 7-6(4) से हराकर मियामी ओपन का खिताब जीता।

ट्रॉफी जीतने के बाद मेनसिक ने कहा कि उनके मन में अपने आदर्श जोकोविच के लिए सम्मान के अलावा कुछ नहीं है। टेनिस खेलने के लिए उन्हें प्रेरित करने के लिए मैं उनका धन्यवाद करता हूं। उन्होंने कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो मुझे नहीं पता कि क्या कहना है। यह अविश्वसनीय लगता है। यह शायद मेरे जीवन का सबसे बड़ा दिन था और मैंने बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिसको लेकर मैं वास्तव में बेहद खुश हूं।'

# धोनी के निचले क्रम पर उतरने को लेकर उठे सवाल


**-टीम को नहीं मिला रहा फायदा**

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए आईपीएल का 18 सत्र अब तक अच्छा नहीं रहा है और उसे शुरु के तीन में से दो मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। पहले उसे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और उसके बाद राजस्थान रॉयल्स से हार मिली है। इसके साथ ही अनुभवी बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी के निचले क्रम पर उतरने को लेकर भी सवाल उठेहैं। धोनी पिछले दोनो मैचों में नौवें और सातवें नंबर पर उतरे थे। वहीं प्रशंसक और पूर्व क्रिकेटर चाहते हैं कि धोनी ऊपरी क्रम में उतरते हुए लंबी पारी खेले।



इसका कारण है कि धोनी विश्व के सबसे अच्छे फिनिशर माने जाते हैं। वह निचले क्रम पर आकर आक्राम बल्लेबाजी करने के लिए जाने जाते हैं पर आजकल वह काफी नीचे उतर रहे हैं। धोनी रॉयल्स के खिलाफ मैच में भी सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए आए और 11 गेंदों में 16 रन ही बना पाये। अपनी पारी के दौरान उन्होंने एक चौका और एक छक्का भी लगाया। धोनी के बल्लेबाजी ऑर्डर में इतना नीचे उतरने से सीएसके उनका लाभ नहीं उठा पायी। इससे पहले उसे आरसीबी के हाथों चेन्नई में अपने घरेलू मैदान में भी हार मिली थी। वहीं धोनी जब सीएसके के कप्तान हुआ करते थे, तो टीम की जरूरत के हिसाब से बल्लेबाजी के लिए उतरते थे पर बढ़ती उम्र और घुटनों की सर्जरी के बाद वह लंबे समय तक बल्लेबाजी नहीं करते। 2023 से लेकर अब तक धोनी के आंकड़ों पर ध्यान दें तो वह बल्लेबाजी क्रम में इतना नीचे आ रहे हैं कि टीम को नुकसान हो रहा है। वहीं कुछ पूर्व क्रिकेटरों का तो ये तक मानना है कि अगर वह ऊपरी क्रम पर उतर नहीं सकते तो उन्हें संन्यास ले लेना चाहिये।

# इस बार आरसीबी जीत सकती है खिताब : डिविलियर्स



**चेन्नई (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर एबी डिविलियर्स ने कहा है कि इस बार जिस प्रकार अब तक आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलूरू (आरसीबी) ने खेलना है उससे ये लग रहा है कि वह अपना पहला खिताब जीत सकती है। आरसीबी में लंबे समय तक रहे डिविलियर्स का मानना है कि इस बार रजत पाटीदार की कप्तानी में टीम पहले से कहीं बेहतर नजर आ रही है। साथ ही कहा कि अगर इसी प्रकार वह खेलती रही तो उसके लिए जीत की राह बनती रहेगी। आरसीब ने इस बार बार 16 साल बाद चेन्नई में सीएसके को हराया है जिसके बाद से ही डिविलियर्स का हौंसला बढ़ा हुआ है। डिविलियर्स के अनुसार इस बार आरसीबी टीम का संतुलन पिछले सत्रों से दस गुना अच्छा है। उन्होंने कहा कि पिछले साल आईपीएल नीलामी के समय मैंने कहा था कि आरसीबी को संतुलन की जरूरत है। यह गेंदबाजों, बल्लेबाजों या क्षेत्ररक्षकों को लेकर नहीं था बल्कि ये आईपीएल टीमों और विकल्पों में अच्छे संतुलन को लेकर था।

डिविलियर्स ने कहा कि मैंने पहले तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार को देखा तो मुझे लगा कि वह नहीं खेल रहा है और फिर दूसरे मैच में वह टीम में था। आपको यही तो चाहिए। पहले मैच में वह टीम में नहीं था और दूसरे मैच में वह किसी और की जगह टीम में था। यही वह संतुलन और गहराई है जो टीम को में होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आरसीबी की यह टूर्नामेंट में परिणामें के लिहाज से ही नहीं टीम के हिसाब से भी सबसे अच्छी शुरूआत है। इसका अंदाजा इसी से होता है कि टीम ने पहले केकेआर को उसी के मैदान पर हराने के बाद सीएसके को घरेलू मैदान पर हरया।

आईपीएल अंक तालिका में अभी आरसीबी पहले नंबर पर पहुंच गयी है। उसने अब तक दोनो ही मैच जीते हैं। पहले मैच में उसने केकेआर को सात विकेट से हराया और दूसरे मैच में सीएसके पर जीत दर्ज की। अब उसका लक्ष्य 2 अप्रैल को होने वाले अगले मुकाबले में गुजरात टाइटंस को हराना रहेगा।

# सनराइजर्स ने एचसीए पर धमकाने का आरोप लगाते हुए बीसीसीआई से सहायता मांगी



मुम्बई । सनराइजर्स हैदराबाद फ्रैंचाइजी ने अपने ही हैदराबाद क्रिकेट संघ (एचसीए) पर धमकाने के आरोप लगाते हुए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) और आईपीएल संचालन परिषद से सहायता मांगी है। हालांकि प्रदेश संघ ने फ्रेंचाइजी के इन आरोपों को खारिज किया है। फ्रैंचाइजी ने बीसीसीआई के वरिष्ठ अधिकारियों को लिखा है कि कहा अगर एचसीए इसी तरह मुफ्त पास के लिए धमकाता रहा तो उसे अपने घरेलू मैचों को आयोजन दूसरे राज्य में करना होगा। सनराइजर्स के एक शीर्ष अधिकारी ने लिखा ,'सनराइजर्स हैदराबाद टीम पर एचसीए से पड़ते हुए दबाव वे परेशान होकर हमें ये पत्र लिखना पड़ रहा है। इस मामले में अब बीसीसीआई और आईपीएल संचालन परिषद को कार्रवाई करनी चाहिए।' वहीं एक अधिकारी ने कहा कि मुफ्त पास के आवंटन को लेकर फ्रेंचाइजी को स्पष्टता चाहिए। आम तौर पर कुल टिकटों का पांच प्रतिशत दिया जाता है। उन्होंने कहा ,'हम फ्रेंचाइजी की ओर से एचसीए को दिए जाने वाले मुफ्त टिकटों को लेकर स्पष्टता चाहते हैं। साथ ही कहा कि अधिक टिकटों की मांग करते हुए एचसीए अध्यक्ष जगन मोहन राव, कोषाध्यक्ष और सचिव सनराइजर्स हैदराबाद प्रबंधन को लगातार धमकाते हैं और कहते हैं कि अगर उनकी मांगें पूरी नहीं की गई तो वे हैदराबाद में आईपीएल मैच नहीं होने देंगे।' ऐसे में टीम अपने मैच दूसरे राज्यों में आयोजित करने पर विचार कर रही है। वहीं एचसीए ने इन अरोपों को गलत बताया है। एचसीए अध्यक्ष जगन मोहन राव ने कहा कि ये सब आधारहीन बातें हैं जो सोशल मीडिया में आ रही है।

## मेसी के अगले विश्वकप में खेलने पर संशय बरकरार



मुम्बई । कनाडा, यूनाइटेड स्टेट और मैक्सिको में होने वाले 2026 फीफा विश्वकप फुटबॉल में अर्जेंटीना के स्टार खिलाड़ी लियोनल मेसी के खेलने को लेकर संशय बना हुआ है। मेसी की कप्तानी में ही पिछले विश्वप में अर्जेंटीना ने खिताब जीता था पर अब वह 27 साल के हो गये हैं। ऐसे में वह अगले साल विश्वकप में खेल पायेंगे ये पक्के तौर पर नहीं कहा जा सकता। 2022 विश्वकप में अर्जेंटीना की जीत में मेसी की अहम भूमिका थी। उन्होंने तब 7 गोल किए थे। इस खिलाड़ी ने अब तक पांच फीफा विश्वकप खेले हैं। अगले साल तक वह 28 के हो जाएंगे। ऐसे में उनकी फिटनेस कैसी रहती है ये भी देखना होगा। अर्जेंटीना ने विश्वकप के लिए पहले ही प्रवेश हासिल कर लिया है। कोच लियोनल स्कोलोनी ने कहा कि हम देखेंगे कि आगे क्या होता है, अभी बहुत समय है। अभी हमें उसे अकेला छोड़ देना चाहिए समय आने पर वह खेलने ये नहीं खेलने पर अपनी ओर से फैसला करेगा। अर्जेंटीना की टीम आजकल अच्छी लय में है। उसने मैसी के बिना ही क्वालीफाइंग में सबसे अधिक बार चैम्पियन रही ब्राजीत को भी 1-4 से हराया था। इसके अलावा उसने उरुग्वे को भी 1-0 से हराया था। इस मैच में भी मेसी शामिल नहीं थे।

# अच्छी शुरुआत नहीं मिलने से हारे : रुतुराज



गुवहाटी । चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने गुवाहाटी के बारसापारा स्टेडियम में खेले गये आईपीएल मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ मिली छह रनों की हार पर निराशा जतायी है। रुतुराज ने कहा कि अच्छी शुरुआत नहीं मिलने और खराब फील्डिंग के कारण ही उनकी टीम को हार झेलनी पड़ी है। इस मैच में नितीश राणा के तेजी से बनाये 81 रनों और वानिंदु हसरंगा के चार विकेटों की सहायता से राजस्थान ने जीत दर्ज की। इस मैच में 183 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए सीएसके की टीम 6 विकेट पर 176 रन ही बना पायी, रुतुराज ने सबसे अधिक 63 रन बनाये पर अन्य बल्लेबाज असफल रहे। सीएसके की यह लगातार दूसरी हार है। इससे पहले उसे अपने घरेलू मैदान पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के हाथों साल 2008 के बाद पहली बार हार का सामना करना पड़ा था। रुतुराज ने कहा कि मुकाबले में हमारी शुरुआत अच्छी नहीं रही है। अगर यह ठीक हो जाए तो चीजें बदल जाएंगी। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने फील्डिंग में 8 से 10 रन ज्यादा दे दिए, जिसे सुधारने की जरूरत है। रुतुराज अच्छी बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतक लगाया पर अन्य बल्लेबाजों से उन्हें सहयोग नहीं मिला जिससे टीम लक्ष्य हासिल नहीं कर पायी।

# बिहार के ऐतिहासिक शहर राजगीर में होगा पुरुष हॉकी एशिया कप

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बिहार के ऐतिहासिक शहर राजगीर में होने वाले पुरुष एशिया कप 2025 के लिए हॉकी इंडिया और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण ने सोमवार को एक समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए। राजगीर के हॉकी स्टेडियम में 29 अगस्त से 7 सितंबर तक होने वाला यह टूर्नामेंट बेल्जियम और नीदरलैंड में 2026 में आयोजित होने वाले एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप के लिए क्वालीफाइंग प्रतियोगिता है।

इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट के 12वें संस्करण में भारत, पाकिस्तान, जापान, कोरिया, चीन और मलेशिया सहित आठ टीमें हिस्सा लेंगी और शेष दो टीमें क्वालीफाइंग टूर्नामेंट एएचएफ कप के जरिए अपना स्थान सुरक्षित करने का प्रयास करेंगी। इस टूर्नामेंट को लेकर हॉकी इंडिया ने आज बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के साथ एक समझौता पत्र पर



हस्ताक्षर किए।

इस अवसर पर बिहार के खेल विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. बी राजेंद्र ने राजगीर की मेजबानी को लेकर कहा, 'हॉकी इंडिया और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर बिहार के प्रमुख खेल स्थल बनने की यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है। राजगीर में हीरो एशिया कप 2025 की मेजबानी करना हमारे राज्य के लिए गर्व का क्षण है और हम टूर्नामेंट के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।'

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप तिर्की ने कहा, 'राजगीर में हीरो एशिया कप 2025 की मेजबानी भारतीय हॉकी के लिए एक और महत्वपूर्ण कदम है। स्टेडियम अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरुप है और मुझे विश्वास है कि यह खिलाड़ियों और दर्शकों के लिए एक रोमांचक माहौल प्रदान करेगा।'

# फुटबॉल रेफरी ने कोच को जड़ी कराटे किक, वीडियो हुई वायरल



अंकैश, पेरू । कोपा पेरू लीग मैच के दौरान रेफरी लुइस एलेग्रे ने हारने वाली टीम के कोच मैग्डेलेना सीईडीईसी को कराटे किक मारकर बेहोश कर दिया। कोच मैग्डेलेना रेफरी पर प्लास्टिक की बोतल से हमला करने आए थे। स्पोर्ट हुआक्लिा के खिलाफ मैच के 82वें मिनट में हुई इस घटना ने दुनिया भर के दर्शकों और फुटबॉल प्रशंसकों को हैरत में डाल दिया है। दरअसल, एलेग्रे ने अपने लाइनमैन के इशारे पर मैग्डेलेना सीईडीईसी बेंच के एक सदस्य को लाल कार्ड दिखाया था। इस पर तनाव इतना बढ़ गया कि कोचिंग स्टाफ का एक सदस्य प्लास्टिक की बोतल लेकर मैदान पर आया और रेफरी की ओर भागा। एलेग्रे ने यह देखकर दाहिने पैर से कराटे किक लगाई, जो कोच के चेहरे पर लगी और वह वहीं जमीन पर गिर गया। घटनाक्रम के बाद गुस्साए खिलाड़ियों ने एलेग्रे और उसके लाइनमैन को घेर लिया, जिससे व्यवस्था बहाल करने के लिए पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा। किक खाया कोच इसके बाद भी हमले करने को तत्पर रहा। मामला बिगड़ा तो मैच को स्थगित कर दिया गया। इस विवाद की फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है, जिससे रेफरी की सुरक्षा और मैदान पर अनुशासन को लेकर गरमागरम बहस छिड़ गई है। इस दौरान एलेग्रे के मार्शल आर्ट कौशल की कुछ लोगों ने प्रशंसा की है, लेकिन रेफरी और कोच दोनों के लिए संभावित अनुशासनात्मक कार्रवाई के बारे में सवाल बने हुए हैं।

# बारसपारा क्रिकेट स्टेडियम में अभिनेत्री सारा का डांस देखकर झूमे दर्शक

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और राजस्थान रॉयल्स के बीच गुवाहाटी के बारसपारा क्रिकेट स्टेडियम में आईपीएल मुकाबले से पहले हुए उद्घाटन समारोह में अपने डांस से सभी का दिल जीत लिया। सारा ने दर्शकों से भरे स्टेडियम में जब आंख मारे ओ लड़का गीत पर पर जब डांस किया तो दर्शक खुशी से झूम उठे। सारा ने कई गानों पर डांस कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आईपीएल के इतिहास में यह पहली बार है कि कि हर स्टेडियम अपना उद्घाटन समारोह हो रहा है।

वहीं इस मैच में भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सीएसके के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को सत्र के 18 साल पूरे होने पर विशेष मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। बीसीसीआई ने इससे पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के पूर्व कप्तान विराट कोहली को भी इस तरह मोमेंटो देकर सम्मानित किया था। धोनी को जब सम्मानित किया गया तो इसके लिए माहौल विशेष था।



# 'रोहित का सपना वनडे विश्व कप जीतना, वह इंग्लैंड जाकर भी खेले'

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टीम इंडिया के टेस्ट और वनडे कप्तान रोहित शर्मा के लिए आगामी टेस्ट दौरा खेलना मुश्किल लग रहा है। माना जा रहा है कि वह इंग्लैंड दौरे पर खुद ही नहीं जाएंगे। इंग्लैंड दौरे पर भारत ने 20 जून से 4 अगस्त तक 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलने है। इसी बीच रोहित के बचपन के कोच दिनेश लाड का कहना है कि रोहित को पीछे नहीं हटना चाहिए। उन्हें इंग्लैंड जाकर कप्तानी करनी चाहिए। उन्होंने पिछले दौरे पर वहां शतक बनाया था। वहां की परिस्थितियां उन्हें रास आएंगी।

दिनेश लाड ने इसी दौरान रोहित के सफर और भविष्य की योजनाओं पर खुलकर बात की। कोच ने कहा कि रोहित 12 साल की उम्र में उनके पास एक गेंदबाज के रूप में आए थे, लेकिन उन्हें बल्लेबाज बनाना और अब भारत को टी20 विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी जिताते देखना बेहद सुखद अनुभव रहा है। कोच ने रोहित के सबसे बड़े सपने का जिक्र करते हुए कहा कि उनका अंतिम सपना वनडे विश्व कप उठाना है, जो 2023 में हम चूक गए। मेरा मानना है कि उन्हें अगले वनडे विश्व कप तक खेलना चाहिए और इसे जीतकर अपना और देश का सपना पूरा करना चाहिए।

रोहित की तकनीक और अनुभव की तारीफ करते हुए कोच ने कहा कि रोहित एक अलग तरह का खिलाड़ी है। वह तकनीकी रूप से मजबूत है और उसके पास अनुभव का खजाना है। पिछली इंग्लैंड यात्रा में उन्होंने शतक जड़ा था। मेरी राय में, उसे इंग्लैंड जाना चाहिए, अच्छी बल्लेबाजी करनी चाहिए और टीम का नेतृत्व अच्छे से करना चाहिए।

बता दें कि 2024 में भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज की मेजबानी की थी। भारत ने 5 मैचों की सीरीज 4-1 से जीती थी। इंग्लैंड ने सीरीज का सिर्फ पहला मैच जीता था और वह भी 28 रन के मामूली अंतर से। युवा यशस्वी जायसवाल ने उस सीरीज के दौरान 712 रन बनाए थे। रोहित ने भी सीरीज में एक शतक सहित 400 रन बनाए थे।


बीते दिनों रिकी पोंटिंग ने भी रोहित के करियर पर बात की थी। उन्होंने कहा था कि जब आप अपने करियर के उस मुकाम पर पहुंचने लगते हैं, तो हर कोई आपके रिटायर होने का इंतजार कर रहा होता है। और मुझे नहीं पता कि क्यों, जब आप अभी भी उतना ही अच्छा खेल सकते हैं जितना उन्होंने (चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में) खेला है, तो मुझे लगता है कि वह बस उन सवालों को हमेशा के लिए खत्म करने की कोशिश कर रहे थे। और कह रहे थे कि मैं अभी भी काफी अच्छा खेल रहा हूं। मुझे इस टीम में खेलना पसंद है। मुझे इस टीम का नेतृत्व करना पसंद है। मुझे लगता है कि उनके दिमाग में अगले (50-ओवर) विश्व कप (2027 में) में खेलने का लक्ष्य होना चाहिए।



# पाकिस्तान को लगा झटका, न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे मैच से बाहर हुआ बड़ा खिलाड़ी

हेमिल्टन : पाकिस्तान के बल्लेबाज उस्मान खान चोट के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफहोने वाले दूसरे एकदिवसीय मैच से बाहर हो गये है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की ओर से जारी बयान के अनुसार सलामी बल्लेबाज उस्मान खान नेपियर के मैक्लीन पार्क में न्यूजीलैंड के खिलाफपहले एकदिवसीय मैच के दौरान क्षेत्ररक्षण करते हुए चोटिल हो गए थे। एमआरआई स्कैन में हल्की चोट की पुष्टि हुई है जिसके कारण वह दो अप्रैल को हैमिल्टन के सेडन पार्क में होने वाले दूसरे एकदिवसीय मैच के लिए उपलब्ध नहीं हो पाएंगे। उस्मान पहले एकदिवसीय टीम का हिस्सा नहीं थे। उन्हें टी-20 सीरीज के बाद पाकिस्तान की एकदिवसीय टीम में शामिल किया गया था। उन्होंने पहले एकदिवसीय पदार्पण मैच में 33 गेंदों पर 39 रन बनाये थे। हेमिल्टन में बुधवार को दूसरा एकदिवसीय मैच खेला जाएगा। पहले मैच में पाकिस्तान को हार का सामना करना पड़ा था जिस कारण पाकिस्तान को सीरीज में बने रहने के लिए दूसरा वनडे जीतना जरूरी है। अगर ऐसा नहीं होता तो पाकिस्तान टीम एक बार फिर निशाने पर होगी क्योंकि न्यूजीलैंड दौरे के दौरान पाकिस्तान को टी20 सीरीज में 1-4 से हार मिली थी।





# खुद ऋतिक रोशन ही डायरेक्ट करेंगे कृष 4

**अभिनय के क्षेत्र में अपना दमखम दिखाने के बाद अभिनेता ऋतिक रोशन 'कृष 4' से अपना डायरेक्टोरियल डेब्यू करने जा रहे हैं। उनके पिता राकेश रोशन ने घोषणा करते हुए कहा कि फिल्म की कमान वह ऋतिक को सौंप रहे हैं। लंबे समय से फिल्म के निर्देशन को लेकर चर्चा चल रही थी। लगातार यह संशय बना हुआ था कि फिल्म का निर्देशन कौन करेगा? आदित्य चोपड़ा की अगुआई में यशराज फिल्म्स के बैनर तले इसका निर्माण होगा।**

### राकेश रोशन ने की घोषणा

'कृष' फैंचाइजी की अगली किस्त यानी 'कृष 4' पर बड़ा अपडेट देते हुए राकेश रोशन ने कहा, मैं कृष 4 के निर्देशन की कमान अपने बेटे ऋतिक रोशन को सौंप रहा हूं, जिन्होंने इस फ्रेंचाइजी को शुरू से ही मेरे साथ जिया, महसूस किया और इसके बारे में सपने देखे हैं। ऋतिक के पास अगले दशकों तक दर्शकों के साथ कृष की यात्रा को आगे बढ़ाने का एक साफ और बहुत ही महत्वाकांक्षी विजन है। मुझे यह देखकर बहुत गर्व हो रहा है कि वह एक ऐसी फिल्म के निर्देशक बन रहे, जो हमारे लिए एक परिवार की तरह है। राकेश रोशन ने अपने ट्विटर पर एक पोस्ट करते हुए लिखा, 25 साल पहले मैंने तुम्हें एक अभिनेता के रूप में लॉन्च किया था। आज फिर 25 साल बाद तुम्हें दो फिल्म निर्माताओं आदि चोपड़ा और मेरे द्वारा हमारी सबसे महत्वाकांक्षी फिल्म कृष 4 को आगे बढ़ाने के लिए एक निर्देशक के रूप में लॉन्च किया जा रहा है। इस नए अवतार में तुम्हें ढेर सारी सफलता की शुभकामनाएं और आशीर्वाद!

### राकेश रोशन और आदित्य चोपड़ा ने मिलाया हाथ

इस सुपरहीरो फिल्म के लिए आदित्य चोपड़ा और राकेश रोशन साथ आए हैं। आदित्य चोपड़ा की यशराज फिल्म्स राकेश रोशन के साथ मिलकर इसका निर्माण करेगी। काफी लंबे समय से इस फ्रेंचाइजी की अगली किस्त का फैंस को इंतजार था। इस महत्वपूर्ण सूचना ने उनकी उत्सुकता को और भी बढ़ा दिया है।

इस भारतीय सुपरहीरो फ्रेंचाइजी की शुरुआत 'कोई मिल गया' से हुई थी, जिसमें ऋतिक रोशन ने मुख्य भूमिका अदा की थी। यह एक साइंस-फिक्शन फिल्म थी। साल 2006 में इसकी अगली किस्त 'कृष' आई और साल 2013 में 'कृष 3।' अपने इस सफर के दौरान दर्शकों के दिल में इसने एक खास जगह बना ली।

# फिल्म किंगडम में हुई कीर्ति सुरेश की एंट्री



**विजय देवरकोंडा अपनी आगामी फिल्म किंगडम के लिए कमर कस चुके हैं। फिल्म का पहला लुक भी जारी किया जा चुका है, लेकिन अभी तक यह जानकारी सामने नहीं आई थी कि फिल्म में विजय के साथ कौन सी अभिनेत्री नजर आएंगी।**

### कीर्ति सुरेश के साथ जमेगी विजय की जोड़ी

फिल्म किंगडम में विजय देवरकोंडा के साथ कीर्ति सुरेश रोमांस करती नजर आ सकती हैं। पहले निर्माताओं ने रुक्मिणी वसंत को लेने के बारे में विचार किया था, लेकिन बात कुछ जमी नहीं। इसलिए फिर निर्माताओं ने कीर्ति को फिल्म में लेने का मन बनाया और उन्हें फिल्म की कहानी सुनाई। फिल्म की स्क्रिप्ट कीर्ति को बेहद पसंद आई और उन्होंने तुरंत ही फिल्म के लिए हां कह दी।

### कीर्ति का होगा खास अंदाज



फिल्म किंगडम में कीर्ति गोदावरी बोली बोलती नजर आएंगी। फिल्म किंगडम की कहानी स्थानीय राजनीति पर आधारित होगी और साथ ही इस फिल्म में आम लोगों से जुड़े कई पहलुओं को भी दिखाया जाएगा। निर्माता दिल राजू इस फिल्म को श्री वेंकटेश्वर क्रिएशन्स के बैनर तले बनाएंगे। फिल्म की शूटिंग इस गर्मी से शुरू होने की उम्मीद है। एक्शन ड्रामा फिल्म किंगडम 30 मई, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। विजय की इस फिल्म का पहला लुक सामने आते ही फैंस इस फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

### विजय का वर्कफ्रंट

विजय देवरकोंडा अपनी अगली फिल्म किंगडम के अलावा रवि किरण कोला की फिल्म राउडी जनार्दन में भी नजर आएंगे। इसके अलावा विजय राहुल सांकृत्यायन के साथ भी एक प्रोजेक्ट में काम कर रहे हैं।

# लापता लेडीज में 'इंस्पेक्टर मनोहर' बनना चाहते थे आमिर खान

किरण राव की फिल्म 'लापता लेडिज' में सुपरस्टार आमिर खान 'इंस्पेक्टर मनोहर' का किरदार निभाना चाहते थे। हालांकि, वह ऑडिशन में फेल हो गए थे। उन्होंने पुलिस की वर्दी में खुद का एक ऑडिशन टेप शेयर किया, जिसमें वह पान चबाते नजर आए। 'लापता लेडीज' के लिए खारिज किए गए ऑडिशन क्लिप में अभिनेता का एक ऐसा पहलू दिखाया गया है, जो पहले कभी नहीं देखा गया। हालांकि, यह भूमिका बड़े पर्दे पर नहीं आई, लेकिन वीडियो को सोशल मीडिया यूजर्स पसंद कर रहे हैं। आमिर के नए यूट्यूब चैनल 'आमिर खान टॉकीज' ने एक वीडियो शेयर किया, जिसमें किरण राव ने खुलासा किया कि आमिर पहले फिल्म में 'श्याम मनोहर' नामक एक पुलिस वाले की भूमिका निभाने वाले थे, जो बाद में रवि किशन को मिल गई।



# आलिया की सफलता से सारा को होती थी जलन

आलिया भट्ट इस वक्त इंडस्ट्री की टॉप हीरोइन हैं। एक्ट्रेस अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल अचीवमेंट्स की वजह से सुर्खियों में रहती हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस सारा अली खान ने ये खुलासा किया कि उन्हें आलिया भट्ट से जलन होती थी। एक समय उन्हें आलिया के प्रोफेशनल और पर्सनल दोनों लाइफ से जलन होने लगी थी। वो कहती हैं कि उन्होंने एक्ट्रेस की लाइफ में आने वाली चुनौतियों पर सोचा ही नहीं। उन्हें सिर्फ उनकी सफलता दिख रही थी। सारा कहती हैं- जब आलिया को नेशनल अवॉर्ड मिला था। उस वक्त मुझे लगा भगवान ये अवॉर्ड जीत गईं। उनके पास एक बच्चा भी है। उनकी जिंदगी तो सेट है। लेकिन मुझे नहीं पता कि उन्हें यह सब पाने के लिए क्या-क्या सहना पड़ा होगा। एक एक्टर के तौर पर मैंने उन्हें अमानवीय बना दिया। सारा अपनी बात में आगे कहती हैं, हर सिक्के के दो पहलू होते हैं। किसी से जलन महसूस करने से पहले उस इंसान की पूरी कहानी जाननी होती है। अक्सर हम बिना किसी की मेहनत जाने उससे जलन लगते हैं। हमें बस दूसरों की सफलता दिखती है। उन्होंने कहा, हम नहीं देख पाते कि इसके पीछे क्या चल रहा है। जलन का मतलब है अंधापन। बता दें कि आलिया भट्ट को साल 2022 में उनकी फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का नेशनल अवॉर्ड मिला था। उसी साल अप्रैल में उन्होंने एक्टर रणबीर कपूर से शादी की थी। 2022 के नवंबर में दोनों राहा के पेरेंट्स बने। वहीं, सारा अली खान की बात करें तो उन्होंने साल 2018 में फिल्म केदारनाथ से अपने करियर की शुरुआत की थी। सारा की स्काई फोर्स इसी साल रिलीज हुई थी, जिसे दर्शकों का अच्छा रिस्पांस मिला था। जल्द ही वो फिल्म मेट्रो इन दिनों में दिखेंगी।





# निमरत कौर के अलावा दीपिका, प्रियंका और इन सितारों ने तय किया बॉलीवुड से हॉलीवुड तक का सफर

मशहूर अभिनेत्री निमरत कौर ने बॉलीवुड की फिल्मों स्काई फोर्स, दसवीं और एयरलिफ्ट में बेहतरीन किरदार अदा किया है। उन्होंने बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक का सफर तय किया है। निमरत ने हॉलीवुड सीरीज होमलैंड में काम किया है। वह वेवार्ड पाइंस और फाउंडेशन में भी नजर आईं। ऐसे में आज हम उन बॉलीवुड एक्ट्रेस के बारे में जानेंगे जो बॉलीवुड से हॉलीवुड तक पहुंचीं।

### प्रियंका चोपड़ा



प्रियंका चोपड़ा ने बॉलीवुड को अंदाज, ऐतराज और किस्मत जैसी बेहतरीन फिल्में दी हैं। अपने फिल्मी करियर को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने हॉलीवुड का रुख किया। उन्होंने हॉलीवुड की बेवाच, ए किड लाइक जेक और द व्हाइट टाइगर जैसी फिल्मों में काम किया।

### दीपिका पादुकोण



बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने बॉलीवुड को पद्मावत, जवान और पठान जैसी बेहतरीन फिल्में दी हैं। उन्होंने हॉलीवुड फिल्म एक्सएक्सएक्स- रिटर्न ऑफ जेंडर केज और फास्ट एंड फ्यूरियस 7 में भी काम किया।

### आलिया भट्ट



आलिया भट्ट ने बॉलीवुड को गंगूबाई काठियावाड़ी, हाइवे और राजी जैसी बेहतरीन फिल्में दी हैं। उन्होंने साल 2022 में हॉलीवुड फिल्म हार्ट ऑफ स्टोन में काम किया है।

### ऐश्वर्या राय

ऐश्वर्या राय देवदास, धूम और मोहब्बतें जैसी फिल्मों में नजर आईं। वह अभी भी बॉलीवुड फिल्मों में काम करती हैं। उन्होंने हॉलीवुड फिल्म प्रोवोक्ड और द लास्ट लीजन में काम किया।





# तकदीर अच्छी हुई तो बुरी फिल्म भी चल जाएगी, राजनीति में एंट्री पर बोले सलमान

**बॉलीवुड में लगभग साढ़े तीन दशक से भी ज्यादा का समय बिता चुके सलमान खान का ईद पर सालों से प्रभुत्व रहा है। इस बार वह साउथ के जाने-माने डायरेक्टर एआर मुरुगादॉस के साथ सिकंदर लेकर आ रहे हैं। सलमान ने हाल ही खास बातचीत में अपनी इस फिल्म के अलावा परिवार, बॉक्स ऑफिस, जान से मारने की धमकियों, राजनीति, एज गैप जैसे कई मुद्दों पर बात की।**

**सलमान आपकी निजी जिंदगी हो या सोशल मीडिया आपका परिवार प्रेम हमेशा नजर आता है। वो पारिवारिक मूल्य और बॉन्डिंग कहां से आते हैं?**

प्यार तो परिवार से आता है। पालन-पोषण से आता है। मॉम और डैड की जब शादी हुई थी, तो वओ दोनों ही अलग-अलग कल्चर और धर्म से थे। मगर मेरे नाना के लिए मुद्दा ये नहीं था कि मेरे डैड मुसलमान हैं, उनकी समस्या थी कि ये फिल्म इंडस्ट्री का आदमी है। मेरे नाना मेरे पिता से शादी के पांच साल बाद मिले थे, वो भी जब सोहेल पैदा हुआ। उस वक्त उन्होंने मेरे पिता को बहुत प्यार दिया और कहा कि मेरी जिंदगी की सबसे बड़ी गलती ये हुई है कि उन्होंने पांच साल न मिलकर वक्त बर्बाद किया। एक बार जब मेरी मॉम झगड़कर मायके चली गई थीं, तब मेरे नाना ने कहा था कि अब तुम्हारी अर्थी वहीं से उठेगी। तुम इस तरह से घर छोड़कर यहां मायके मत आना। तुम यहां मिलने-जुलने आ सकती हो, मगर घर छोड़ कर नहीं। लड़ाई-झगड़े तो होते रहते हैं, तुम घर वापस जाओ। वो अच्छा आदमी है। पता नहीं मेरे पिता सलीम खान ने मेरे नाना पर क्या जादू चलाया था। परिवार से हमने बहुत कुछ सीखा और फिर दोस्तों से भी। जिनसे लगा कि ये बहलाने-फुसलाने के लिए आए हैं, उनसे हम दूर ही रहे हैं। हम जब 18-20 साल के हुए, तो हमारे पिता के दोस्त हमारे दोस्त बन गए। हमारे फ्रेंड्स हमारे फादर के फ्रेंड्स हो गए। हम भाइयों के दोस्तों का सर्कल भी ब्रदर्स जैसा ही है।

**अगर फिल्मों की बात करूं, तो आप बॉक्स ऑफिस के अनप्रेडिक्टेबल मिजाज के बारे में क्या सोचते हैं। समझ में नहीं आ रहा कि क्या चलेगा, क्या नहीं?**

अच्छी फिल्म होगी, तो चलेगी और अगर अच्छी नहीं हुई, तो नहीं चलेगी, मगर तकदीर बहुत अच्छी हुई, तो बुरी फिल्म भी चल जाएगी।

**आपने अनगिनत फिल्मों में काम किया है। आप मास सिनेमा को कैसे डिफाइन करते हैं?**

देखिए, मास और क्लास सिनेमा का जो सेपरेशन था, वो तो एकदम से हिल गया है। आज आप मल्टीप्लेक्स में भी चले जाओ, तो सीटी-वीटी मारने का चलन वहां भी देखने मिलता है। मगर मैं हमेशा कहता हूं कि सिंगल थिएटर में जो ब्लैक में इतने सारे पैसे खर्च करके टिकट लेते हैं, उनको मल्टीप्लेक्स में जाकर ही फिल्म देख लेनी चाहिए। मगर कई बार पीवीआर और आइनॉक्स वाले भी गेटी-गैलेक्सी में फिल्में देखने जाते हैं। असल में वो उस मासी फीलिंग के लिए इन थिएटरों में जाते हैं।

**सलमान धमकियां मिलना आपके लिए नई बात नहीं है, मगर उम्र के इस मुकाम पर आप बेखौफ हो गए हैं या बेचैन रहते हैं?**

अल्लाह और भगवान है। जितनी उम्र लिखी होगी, उतनी तो रहेगी, मगर कभी-कभी इतने सारे लोगों को साथ लेकर चलना होता है, वही प्रॉब्लम हो जाती है।

**एटली के साथ आपकी फिल्म को लेकर काफी चर्चाएं हैं। हाल-फिलहाल उसका स्टेटस क्या है?**

एटली के साथ वाली फिल्म पूर्वनियोजित तौर पर नहीं हो पाई है और इसका कारण मुझे फिल्म का ग्रैंड स्केल और भव्य बजट लग रहा है। इस तरह की फिल्म के लिए बहुत सारा एफर्ट्स और समय चाहिए, जो दो फिल्में करने जितना है। यही वजह है कि मैंने अपना समय दो अलग-अलग प्रोजेक्ट्स को दिया।

**आपकी फिल्म में एक डायलॉग है, सीएम, पीएम का तो पता नहीं, मगर एमएलए, एमपी तो बन जाऊंगा, तो क्या सलमान भविष्य में आप किसी बदलाव के तहत राजनीति में जाने की सोचते हैं?**

इसके बाद एक और डायलॉग है फिल्म में, मुझे कोई इंटरेस्ट नहीं है, क्योंकि राजनीति मेरा फील्ड नहीं है। जब किसी को गवर्नेंस और एडमिनिस्ट्रेशन नहीं आता, तो उसे इस क्षेत्र में घुसना नहीं चाहिए। वो हमको आता ही नहीं, वो हमारा काम ही नहीं है। हमको ये काम इतना बढ़िया आता है, तो हम यही करेंगे।

**निर्देशक मुरुगादॉस एक्शन के लिए जाने जाते हैं, तो क्या वो जलवा इस फिल्म में देखने को मिलेगा?**

यहां पर मामला थोड़ा अलग है। मेरा मानना है कि एक्शन में जब तक इमोशन जुड़ा हुआ न हो, बात बनती नहीं है। मुरुगादॉस की पिछली जो भी फिल्में थीं, आमिर की गजनी उसमें भी इमोशन बहुत तगड़ा था। अक्षय कुमार की हॉलिडे में भी इमोशन स्ट्रॉन्ग था और यहां पर आपको को ये देखने को मिलेगा। फिल्म का इमोशनल ग्राफ बहुत अच्छा है। मेसेज भी है और मनोरंजन भी।

**फिल्म में आपकी हीरोइन रश्मिका मंदाना और आपकी उम्र के अंतर को लेकर काफी चर्चा चल रही है?**

मैं जब भी नई लड़कियों के साथ काम करता हूं, मेरी कोशिश उन्हें एक बड़ा प्लेटफॉर्म देने की होती है, एक बड़ा स्टार बनाने की। मगर एज गैप का मुद्दा लाकर आप लोगों ने इनका बेड़ा गर्क कर दिया। मुझे अगर अनन्या पांडे और जहान्वी कपूर के साथ काम करना होगा, तो मुझे दस बार सोचना होगा। मगर दस बार सोच कर भी मैं करूंगा।

स्वामी मुद्रक, प्रकाशक सम्पादक कृष्णा टेकड़ीवाल द्वारा डिजिटल अखबार कंकड़बाग पटना से प्रकाशित। समाचार पत्र में किसी भी समाचार व लेख-आलेख पर सम्पादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। किसी भी वाद-विवाद के लिए न्याय क्षेत्र पटना ही रहेगा। मोबाइल- 9801716267